23- MAR- BSP- P-1_Layout 1 3/24/2025 12:02 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 21.9 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 24 मार्च 2025



सदर बाजार की जगह रिवरव्यू में संडे मार्केट लगाया गया। जहां लोगों की भीड़ लगी रही।



## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय बैंक हड़ताल स्थगित

**बिलासपुर।** 24 एवं 25 मार्च को होने वाली अखिल भारतीय बैंक हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में बैंकर्स क्लब बिलासपुर के समन्वयक ललित अग्रवाल ने बताया कि मार्च क्लोजिंग में आमजनता को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के पदाधिकारियों ने आज नई दिल्ली में डीएफएस से मिलकर पांच दिनों का बैंकिंग कार्य सप्ताह, पेंशन अपडेशन आदि कई महत्वपूर्ण मांगों पर सकारात्मक विचार करने का अनुरोध करते हुए 24-25 मार्च की अखिल भारतीय बैंक हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया है। वहीं नई दिल्ली में ही एआईपीएनबीओए के पदाधिकारियों व पंजाब नेशनल बैंक प्रबंधन के बीच सकारात्मक चर्चा होने से 28-29 मार्च को पीएनबी में होने वाली हड़ताल भी स्थगित हो गई है। बैंकर्स क्लब बिलासपुर के समन्वयक श्री अग्रवाल ने आमजनता से अनुरोध किया है कि वे संबंधित बैंकों से निर्बाध बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### गतौरा स्टेशन में मिल रही आनलाइन टिकिट

**बिलासपुर।** यात्रियों को डिजिटल सुविधा प्रदान करने और टिकटिंग प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के गतौरा स्टेशन में 100 फीसदी आनलाइन टिकटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्टेशन के यात्री अब आटोमेटिक टिकिट वेंडिंग मशीन के माध्यम से बिना कतार के आसानी से अपना टिकिट प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए वाणिज्य विभाग के कर्मचारी यात्रियों की सहायता कर रहे हैं। यात्रियों को आनलाइन भुगतान के साथ घर यूटीएस आन मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकिट लेने की प्रक्रियाओं, होने वाले फायदे की भी जानकारी दी जा रही है।

### परिवर्तित मार्ग से चलेगी नागपुर-शहडोल 31 मई तक

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने भंडारकुंड से भीमालगोंडी सेक्शन को अधोसंरचना के कारण निलंबित किया गया है। इसके कारण 11201 नागपुर से शहडोल एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग नागपुर, अमला, छिंदवाड़ा मार्ग से 30 मई तक तथा गाड़ी संख्या 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस का परिचालन 31 मई तक किया जाएगा। वर्तमान में नागपुर से शहडोल एक्सप्रेस का परिचालन 31 मार्च तक और शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस का परिचालन 1 अप्रैल तक परिवर्तित मार्ग नागपुर, आमला, छिंदवाड़ा से किया जा रहा है, जिसका विस्तार अब 30 मई और 31 मई तक कर दिया गया है।

### चंदिया रोड-विलायतकलां रोड रेल लाइन काम पूरा

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अनूपपुर-कटनी सेक्शन के बीच 165.52 किलोमीटर विद्युतीकृत तीसरी लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में चंदियारोड से विलायतकलां रोड स्टेशन के बीच 10 किलोमीटर विद्युतीकृत नई तीसरी लाइन का संपूर्ण कार्य होने के बाद एसई सर्कल के आयुक्त रेलवे सेफ्टी बीके मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान विस्तृत रूप से लाइन की संरचना, ट्रैक की गुणवत्ता, इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, कर्व, ब्रिज, ओवरहेड इलेक्ट्रिक सिस्टम, सिग्नलिंग एवं अन्य तकनीकी पहलुओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। इस दौरान निरीक्षण दल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण आलोक तिवारी, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित मंडल व मुख्यालय के अधिकारी मौजूद थे।

# धूप निकली, एक ही दिन में 3 डिग्री बढ़ा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

द्रोणिका का असर कम होते ही आसमान पर सूरज की चमक तेज हो गई है, ऐसे में रविवार को अधिकतम तापमान 3 डिग्री बढ़ गई। इस दौरान लोगों को गर्मी से राहत पाने के लिए कूलर और एसी का सहारा लेना पड़ रहा है, हालांकि शाम होते ही एक बार फिर हवाएं चलने लगीं और लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिली।



■ तापमान बढ़ने से छूटने लगा पसीना पर बारिश की संभावना बरकरार

रविवार को मौसम में एक बार फिर बदलाव देखा गया। सुबह सूरज उगने के बाद से ही तापमान तेजी से बढ़ने लगा, इस दौरान भले ही आसमान पर बादल मंडराते रहे, लेकिन इसका असर अधिकतम तापमान में नहीं पड़ सका। देखते-देखते शनिवार की अपेक्षा अधिकतम तापमान 3 डिग्री अधिक जाते हुए 34.4 डिग्री दर्ज किया गया। सूरज के आगे लोगों को नतमस्तक होकर गर्मी से बचना पड़ा। उन्हें कूलर और एसी से ही राहत मिल सकी। शाम होते ही हल्की हवा चलने लगी, जिसके बाद ही गर्मी से राहत मिली। लेकिन न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हो सका है। मौसम के जानकारों के अनुसार दो दिन में एक बार फिर से तापमान बढ़ने की उम्मीद है।



स्ट्रीट लाइट का पॉवर कट

# शहर में छाया अंधेरा

**बिलासपुर।** स्मार्ट सिटी होने के बाद भी शाम होते ही शहर की ज्यादातर सड़कों पर अंधेरा मंडरा रहा है। सूरज ढलते ही सड़कों पर भीड़ बढ़ जाती है और अंधेरे में ही फर्राटा भरते वाहनों से राह चलते लोगों को हादसे का अंदेशा बना रहता है, लेकिन फिर भी निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह हाल तब है जब हर साल नगर निगम मेंटनेंस के नाम पर लाखों रूपए फूंक रहा है। लिंकरोड, आईजी तिराहा, इंदू चौक, मंगला चौक, गौरव पथ जैसे पॉश इलाकों में लगे स्ट्रीट लाइट बंद हैं। ऐसे में शहर के गली मोहल्लों की पूछपरख करने का समय निगम के अधिकारियों के पास नहीं है। यह स्थिति पिछले कई दिनों से जस की तस बनी हुई है। नगर निगम का अमला है और अमले के ज्यादातर अधिकारी व कर्मचारी शहर के बीच में रहते हैं।

# नहरों में छोड़ा पानी, अरपा की प्यास नहीं बुझी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किसानों को निस्तारी और फसलों को बचाने के लिए पानी की जरूरत है, अपनी मांगों को लेकर किसानों से कलेक्टर से फरियाद भी की थी, जिसके बाद कलेक्टर ने किसानों को पानी देने का आश्वासन दिया था और जलसंसाधन विभाग को पानी छोड़ने का आदेश दिया था, लेकिन खूंटाघाट जलाशय के अलावा किसी अन्य डेम से पानी नहीं छोड़ा गया। इसके साथ ही अरपा भी पूरी तरह से सूख चुकी है जिसके चलते लगातार जल स्तर नीचे जा रहा है।



■ खूँटाघाट के अलावा किसी भी डेम से नहीं छोड़ा गया पानी

कलेक्टर के आदेश के बाद 21 मार्च को खारंग जलाशय खूंटाघाट से 8 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिसके बाद राईट केनाल में पानी आ चुका है। वहीं लेफ्ट केनाल में 100 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, इसके नजदीक के किसानों को निस्तारी के लिए पानी मिलने लगा है, लेकिन अरपा भैंसाझार परियोजना में बनाए गए जलाशय से पानी अबतक नहीं छोड़ा गया है। इस परियोजना द्वारा पानी छोड़ने के बाद ही नहर और अरपा नदी में पानी मिल पाता है। जानकारों के अनुसार 15 दिन पहले नहर में पानी छोड़ा गया था, लेकिन फिलहाल पानी नहीं छोड़ा गया है।

# लगातार प्रदूषित हो रही जीवनदायिनी अरपा 400 करोड़ से अधिक की 7 योजनाएं अधूरी



अलग खबर



- शहर के दोनों छोर से 70 से अधिक नाले-नालियों का गंदा पानी सीधे नदी में छोड़ा जा रहा
- 17 किमी के दायरे में पानी सफाई के लिए 207 करोड़ का डीपीआर तैयार लेकिन ठोस कदम नहीं

#### अरपा की यह योजनाएं अधूरी

- अरपा के शिवघाट और पचरीघाट में पानी रोकने के लिए बैराज निर्माण का कार्य अपूर्ण
- पेंड्रा के अमरपुर में उद्गम स्थल के संरक्षण, जलकुंड के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन
- बिलासपुर में शहर में नदी में पहुंचने वाले 70 नाले, नालियों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट का लक्ष्य अधूरा।
- अरपा में कचरा, मलबा की डंपिंग लगातार जारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीवनदायिनी अरपा लगातार प्रदूषित हो रही है, क्योंकि शहर के दोनों छोर से 70 से अधिक नाले-नालियों का गंदा पानी सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है। एनजीटी ने वर्ष 2020 में देशभर में नदी-तालाबों में गंदा पानी डालने पर प्रति नाला 5 लाख रुपए की मासिक पेनाल्टी लगाने का आदेश दिया था। इसके बाद नगर निगम ने तुर्काडीह पुल से दोमुहानी चेक डैम तक 17 किमी के दायरे में 70 नालों के पानी की सफाई के लिए 207 करोड़ का डीपीआर तैयार किया था, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। दरअसल, पेंड्रा के बाद जंगलों में अरपा की स्थिति अच्छी है। यहां नदी के साथ पहाड़ी नालों से आने वाले पानी का बहाव है। गर्मी के दिनों को छोड़कर नदी में पानी का बहाव भी रहता है, हालांकि धार पतली हो जाती है लेकिन बिलासपुर शहर के बाद अरपा की सेहत बेहद खराब और चिंताजनक है।

शहर के दोनों छोर से 70 से अधिक नाले-नालियों का गंदा पानी सीधे नदी में छोड़ा जाता है। बता दें कि एनजीटी ने वर्ष 2020 में देशभर में नदी, तालाबों में गंदे पानी की निकासी करने पर प्रति नाला 5 लाख रुपए की मासिक पेनाल्टी लगाने के आदेश दिए थे। इसके बाद नगर निगम ने तुर्काडीह पुल से दोमुहानी चेक डैम तक 17 किमी के दायरे में 70 नालों के पानी की सफाई के लिए 207 करोड़ का डीपीआर बनाया था लेकिन अब तक इस पर काम नहीं किया जा सका है। हाईकोर्ट में भी मामले की सुनवाई लगातार हो रही है।

#### 20 सिंचाई योजनाओं के जरिए दावा

ध्यान रहे की तीन साल पहले हाईकोर्ट के आदेश पर जल संसाधन विभाग ने अरपा रिवाइवल प्लान तैयार किया, लेकिन उस पर अमल नहीं हो पाया। इसमें अरपा पर 20 सिंचाई योजनाओं के जरिए 12.292 मिलियन घनमीटर जल संवर्धन का दावा किया गया था। अरपा के उद्गम क्षेत्र के सभी ट्यूबवेल बंद कर खुज्जी बांध के पानी को शुद्ध कर शहरवासियों को सप्लाई करने 18 करोड़ की योजना बनाई गई। इस पर हालांकि काम चल रहा है।

#### 30 करोड़ के एसटीपी पूरे नहीं हो सके

हालांकि निगम का दावा है कि चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित दो एसटीपी से शतप्रतिशत गंदे पानी के उपचार के लिए कार्य चल रहा है। इसकी क्षमता 71 एमएलडी की है। इसके साथ ही बिलासपुर स्मार्ट सिटी ने 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य शुरू कराया है। मार्च 2025 तक इसके पूर्ण हो जाने का दावा है। इसके जरिए 25 एमएलडी गंदे पानी का ट्रीटमेंट किया जाएगा। इसके साथ ही अरपा में नगर निगम एरिया में पहुंचने वाले करीब 70-80 फीसदी गंदे पानी की सफाई की जा सकेगी।

#### 4 साल से अटकी पड़ी पानी बेचने की योजना

इसके साथ ही अरपा में पहुंचने वाले गंदे पानी की शतप्रतिशत सफाई के लिए ब्लू स्ट्रीम कंपनी को डीपीआर तैयार करने कहा गया है। चूंकि योजना में पीएचई को भी शामिल किया जा रहा है, इसलिए इसकी प्रक्रिया चल रही है। एसटीपी से ट्रीटमेंट के बाद निकले पानी को एनटीपीसी को बेचने की योजना एमओयू के लिए अटकी है, एनटीपीसी से अब तक उचित रिस्पांस नहीं मिल पाया है। 4 साल से यह प्रक्रिया अटकी पड़ी है।

#### दोनों बैराज अधूरे, गंदा पानी रोकने योजना नहीं

ध्यान रहे कि जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को बताया गया कि शहर के आसपास अरपा नदी की पानी पूरी तरह से प्रदूषित हो गई है। यहां शहर व आसपास के गटर के गंदा पानी को छोड़ा जा रहा है, जिसके चलते अरपा नदी में रोज 130 एमएलडी गंदे पानी की निकासी हो रही है। दूसरी ओर जल संसाधन विभाग ने अरपा नदी में बाहरमासी पानी रहे इसके लिए शहर के बीच पचरी घाट और शिव घाट में दो बैराज बनाया है, जो अभी तक अधूरा है। इसके साथ ही नदी में प्रदूषित और मलयुक्त पानी की निकासी रोकने के लिए अब तक कोई इंतजाम नहीं किया गया है।

# हिन्दू संगठन ने मतांतरण का लगाया आरोप, 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका में एक समाज के द्वारा प्रार्थना सभा आयोजन करने पर हिन्दू संगठन के लोगों ने मतांतरण करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने अलग-अलग चार मामले दर्ज कर 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।



■ मोपका में प्रार्थना सभा का आयोजन

मोपका सहायता केन्द्र प्रभारी संजीव सिंह ठाकुर ने बताया, रविवार को मोपका कुटीपारा के दो तीन मकान में एक समाज के लोगों के द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। जानकारी होने पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और मतांतरण कराने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मतांतरण कराने वाले 7 लोगों को पकड़कर सहायता केंद्र लेकर आई। पुलिस ने विश्व हिन्दू व बजरंग दल के सदस्यों की रिपोर्ट पर अलग अलग चार प्रकरण दर्ज कर धारा 3 छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्र अधिनियम 1968 के तहत मनोज कुमार सैम्युअल पिता सैदू सैम्यूअल 43 साल कुटीपारा मोपका, उनकी पत्नी अंजू सैम्युअल, यारूशा किशोर पति चंद्रदीप किशोर 40 साल कुटीपारा मोपका, राजकुमार साहू पिता कोल्हू साहू 40 साल आवासपारा मोपका, पास्टर व्यास कुमार कुर्रे पिता दूजराम कुर्रे 48 साल अभिषेक विहार फेस 1 मंगला, जसपाल अहिरवार पिता भागवत अहिरवार 40 साल भाटापारा मोपका, राहुल पटेल उर्फ रामप्यारे पिता बलदाउ पटेल 30 साल अन्नपूर्णा कालोनी तोरवा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

फर्जी दस्तावेज के सहारे जमीन बेचा था

# 1 करोड़ 75 लाख की ठगी, जमीन दलाल की जमानत अर्जी खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्जी दस्तावेज के जमीन बेचकर रिटायर्ड सहायक आयुक्त से 1 करोड़ 75 रुपए की ठगी करने वाले जमीन दलाल की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। इधर पुलिस 11 दिन बीत जाने के बाद भी मामले में पटवारी सहित अन्य आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है।

■ 11 दिन में दूसरे आरोपियों को नहीं पकड़ पाई पुलिस

ज्ञात हो कि उसलापुर अल्का एवेन्यू निवासी रिटायर्ड आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त अमरचंद बर्मन को सिंधी कालोनी निवासी राजकुमार उर्फ राजू बजाज, नेहरू नगर गीताजंली विहार निवासी विकास मांझी पिता चंडीचरण मांझी, राजेश पाण्डेय ने पटवारी सुरेश सिंह ठाकुर से सांठगाठ कर रिंग रोड टू में खसरा नम्बर 448 / 11 ग व खसरा नम्बर 448 / 37 के फर्जी दस्तावेज दिखाकर 1 करोड़ 75 लाख रुपए की ठगी कर ली थी। पुलिस ने श्री बर्मन की रिपोर्ट पर जमीन दलाल विकास मांझी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी ने अधिवक्ता के माध्यम से जिला न्यायलय में जमानत अर्जी लगाई। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। ज्ञात हो कि 11 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस पटवारी व अन्य जमीन दलालों को नहीं पकड़ पाई है।

#### पत्नी-बेटी भी फरार

ज्ञात हो कि 13 मार्च को पुलिस विकास मांझी को पकड़ने के बाद उसके घर दबिश देने गई तो उनकी पत्नी व बेटी उक्त मामले से संबंधित जमीन के दस्तावेज को छिपाकर घर से जा रही थी। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश तो महिला आरक्षक से हुज्जतबाजी करते हुए जमकर हंगामा मचाया था। पुलिस ने मां बेटी के खिलाफ शासकीय कार्य में व्यवधान सहित अन्य धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपी मां बेटी की भी गिरफ्तारी नहीं कर पाई है।

#### जांच में बढ़ सकता है मामला

आरोपी विकास मांझी अपने फरार साथियों के साथ मिलकर अमेरी व सकरी क्षेत्र में कई लोगों के साथ फर्जी दस्तावेज से जमीन खरीदी बिक्री करने की चर्चा है। पुलिस को उसके घर से बड़ी संख्या में जमीन के दस्तावेज मिले है। उसके आधार पर मामले में संबंधित सकरी, उसलापुर के क्षेत्र को थानों में तलब कर बयान दर्ज किया जा रहा है। खबर है कि सिविल लाइन थाने में एक और पीड़ित ने विकास मांझी एवं उसके साथियों के द्वारा जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपए के ठगी करने की शिकायत की है।

#### आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

आरोपी विकास मांझी की जमानत अर्जी खारिज हो गई है। अन्य आरोपियों के घर व ठिकानों में दबिश दी जा रही है, किन्तु वह नहीं मिल रहे है। उनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जांच के दौरान अन्य पीड़ितों के आने पर मामला बढ़ने की संभावना है।

**- एसआर साहू,** सिविल लाइन टीआई

अगले साल तक पूरा होगा काम

# कोनी में कैंसर अस्पताल निर्माण में 6 माह की देरी

**बिलासपुर।** कोनी में निर्माणधीन कैंसर अस्पताल का काम काफी धीमी गति से चल रहा है, इसकी मियाद जनवरी में खत्म हो चुकी है और सीजीएमएससी ने ठेकेदार को 6 माह का एक्सटेंशन देने का मन बना लिया है, लेकिन इसके बावजूद जी फोर वन मंजिला अस्पताल बनने में एक साल का समय लग सकता है।



सीजीएमएससी द्वारा कोनी में 115 करोड़ की लागत से कैंसर अस्पताल बनाया जा रहा है। यह अस्पताल राज्य का पहला कैंसर संस्थान साबित होगा। 4 मंजिला अस्पताल भवन की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी, लेकिन राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा महज ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर के लिए ही तकनीकी स्वीकृति दी और 345 करोड़ में 115 करोड़ रूपए ही मिल सके। निर्माण में अबतक 80 फीसदी सिविल वर्क हो चुका है, लेकिन 100 फीसदी इलेक्ट्रिकल वर्क बाकी है। इसके साथ ही कैंसर अस्पताल में लगने वाले उपकरण, आपरेशन थिएटर, जांच मशीनें लगानी होगी, जिसमें 1 साल का समय लग सकता है। खास बात यह है कि फरवरी 2023 में शुरू किया गया निर्माण कार्य 2 साल में पूरा किया जाना था, लेकिन इसकी अवधि समाप्त हो चुकी है। सीजीएमएससी अब ठेकेदार को 6 माह का समय देने की बात कह रही है, लेकिन हाल यह है कि 1 साल में भी निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सकता है।

#### चल रही एक्सटेंशन की प्रक्रिया

फायर फाइटिंग का काम शुरू किया गया है। वहीं फील्ड में भी कई तरह की तकनीकी दिक्कत का सामना इंजीनियर व ठेकेदार को करना पड़ा है। एक्सटेंशन की प्रक्रिया चल रही है।

**- राजेन्द्र प्रसाद,** ईई, सीजीएमएससी

#### डाक्टरों और स्टाफ की भर्ती में लगेगा समय

खास बात यह है कि कैंसर अस्पताल के ठीक बाजू में बने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का संचालन हो चुका है लेकिन 6 माह गुजरने के बाद भी स्टाफ की भर्ती नहीं हो सकी है। ऐसे में कैंसर अस्पताल बनने के बाद भी डाक्टर और स्टाफ, टेक्नीशियन भर्ती के चलते अस्पताल का सफल संचालन नहीं किया जा सकेगा। सिम्स प्रबंधन व राज्य सरकार द्वारा भर्ती की जानी है लेकिन इसके लिए अब तक प्रक्रिया भी शुरू नहीं की गई है। अस्पताल के लिए क्लास वन से लेकर क्लास फोर तक 289 पद स्वीकृत हैं। अस्पताल में मरीजों के लिए 100 बेड की सुविधा होगी, जिसमें 20 बेड कैंसर व आईसीयू और 80 बेड जनरल वार्ड का होगा।

23 MARCH- BSP-PG-2_Layout 1 3/24/2025 12:05 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर ने प्रज्ञा को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर ने नगर की प्रज्ञा सिंह को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य मैट्स विवि रायपुर की डा. सुनीता शशिकांत तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। उनके शोध प्रबंध का विषय श्रीलाल शुक्ल के व्यंग्य उपन्यासों के समीक्षात्मक अध्ययन है। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने गुरुजन व परिजनों को दिया है। प्रज्ञा वर्तमान में एलसीआईटी महाविद्यालय के हिंदी विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वे शैलेन्द्र सिंह की पत्नी हैं।

### मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन कोष समिति की आमसभा और शपथ ग्रहण समारोह



**बिलासपुर।** प्रदेश साहू समाज के प्रतिभाओं के प्रोत्साहन, मार्गदर्शन कोचिंग उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में आर्थिक मदद के लिए नवगठित मां कर्मा कोष निर्माण समिति की विशेष आम सभा एवं शपथग्रहण समारोह रायपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश साहू समाज के कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन सिंह साहू, प्रमुख अतिथि रामफल साहू, सत्य प्रकाश साहू, सुकृत लाल साव, डा किरण गजपाल, प्रो घनाराम साहू , इंजी. रामनाथ साहू, केशव राम उपस्थित हुए। सभा की अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी बी सी साहू ने की। समिति अध्यक्ष टी आर साहू ने समिति की कार्ययोजना एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समाज के समस्त प्रबुद्ध वर्गों द्वारा अंशदान के रूप में मां कर्मा कोष में अभी तक 265 समाज सेवियों द्वारा 13.45 लाख रुपए जमा करा दिया गया है। जिसमें समाज के जरूरतमंद प्रतिभावान बच्चों की मदद करने के लिए 15 सदस्यीय संचालन समिति के साथ ही साथ शिक्षाविदों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की 5 सदस्यों की चयन समिति गठित किया जाएगा। हर जिले एवं तहसील में जिला तहसील समन्वयक नियुक्त किए जाएंगे। समाज के मूल संगठन के साथ ताल मेल करके ऐसे बच्चों से आवेदन पत्र मांगे जाएंगे। चयनित बच्चों को उनकी करियर रोजगार स्थापना के लिए आर्थिक मदद की जाएगी। प्राचार्य डा किरण साहू ने समाज की हर बेटियों को कम पैसे में शासकीय कालेजों में हर संभव शिक्षा दिलाने सभी को प्रेरित किया। प्रदेश साहू संघ के प्रमुख अतिथि सत्यप्रकाश साहू महामंत्री के द्वारा प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू के द्वारा समिति के संचालन के लिए अपना सतत सहयोग करने शुभकामना संदेश दिया गया है। सभी अतिथियों ने आर्थिक मदद करने की अभिनव प्रयास की प्रशंसा की। उनके द्वारा समिति में हर संभव सहयोग देने एवं समाज के सभी वर्गों के द्वारा की कोष में ज्यादा से ज्यादा राशि जमा करने अंशदान करने के लिए आहूत किया गया। समिति उपाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू ने आभार प्रदर्शन किया गया।

### ट्रेड यूनियन काउंसिल ने मनाया शहीदे आजम भगत सिंह का शहादत दिवस



**बिलासपुर।** ट्रेड यूनियन काउंसिल के तत्वावधान में आज शहीद भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जगमल चौक स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके पश्चात श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने शहीद भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनकी शहादत को याद करते हुए देशभक्ति के उनके कार्यों का स्मरण किया। जैसा कि विदित है शहीद भगत सिंह ने असेंबली में सुखदेव एवं राजगुरु के साथ बम फेंक कर भारतीयों के साथ हो रहे अन्याय का प्रतीकात्मक विरोध किया था। अपने मुकदमे के दौरान अंग्रेजों की गलत नीतियों का कोर्ट के समक्ष खुलकर विरोध किया था। वक्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर वंचित वर्गों के संघर्ष को युवा पीढ़ी से आगे बढ़ने का आह्वान किया। सभा में रवि बैनर्जी, पवन शर्मा, राजेश शर्मा,पी आर यादव, अभय नारायण राय, ललन सिंह,नंद कश्यप, महेश श्रीवास, विद्या गोवर्धन, शैलेंद्र गोवर्धन, सुखऊ निषाद, रवि श्रीवास, अर्जुन कुमार, शफीउल्लाह खान, श्याम मूरत कौशिक आदि ने अपने विचार रखे। सभा में विलास मातुरकर, गणेश निषाद, तेजू चौहान, एचडी पाइक, एसके मुखोपाध्याय, एसके चट्टोपाध्याय, घनश्याम रजक, महेश्वर साहू सहित अनेक साथी उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता पवन शर्मा एवं संचालन राजेश शर्मा ने किया ।

### डॉ सुषमा, डॉ शीला, सुमिता दास को मिली शिक्षा रत्न की उपाधि



**बिलासपुर।** श्री चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव में शिक्षा के क्षेत्र में नवीन एवं रचनात्मक कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के 500 शिक्षकों का चयन किया गया। इसमें डॉ सुषमा पंड्या को उनके शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में तथा परिवार मार्गदर्शक एवं सलाहकार के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने शिक्षा रत्न से अलंकृत किया गया। इसी तरह डॉ शीला शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार,रचनात्मक कार्य एवं उत्कृष्ट साहित्यकार के रूप में उनके विभिन्न जीवन पथ पर आधारित उत्कृष्ट लेख पर सम्मानित किया गया। सुमिता दास गुप्ता को संगीत कला के क्षेत्र में निशुल्क संगीत सिखाने यह सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही पंडित बाबूलाल पंड्या को उनके द्वारा समाज में योगदान एवं समाज सेवा के लिए समर्पण भाव के लिए समाज सेवा सम्मान प्रदान किया गया। श्री चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख प्रकाश मोदी, सुमन लता मोदी, अभिषेक मोदी, रजनीश जैन,आलोक मोदी द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मोदी परिवार पूरे देश भर में विभिन्न स्थानों पर श्री 1008 आदिनाथ पंचबालयती दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तहत श्री चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा छत्तीसगढ़ में भाटापारा में भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव रथ यात्रा से शुरू करके शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया।

---

**एनईपी** उच्च शिक्षा विभाग ने सभी यूनिवर्सिटी को जारी किए पत्र, सेकंड सेमेस्टर में चयन करना होगा कोर्स

# स्टूडेंट्स को लेना होगा जेनरिक इलेक्टिव व कौशल वृद्धि कोर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सेकंड सेमेस्टर का अध्ययन-अध्यापन कार्य शुरू होना है। सेकंड सेमेस्टर वाले स्टूडेंट्स को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अपने मुख्य विषयों के अलावा एक-एक जेनरिक इलेक्टिव व कौशल वृद्धि कोर्स का चयन करना पड़ेगा। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी स्टेट यूनिवर्सिटी को पत्र जारी किया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत सेकंड सेमेस्टर के शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने सभी यूनिवर्सिटी को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसमें सेकंड सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को जेनरिक इलेक्टिव एवं कौशल वृद्धि कोर्स का चयन करना है। जेनरिक इलेक्टिव कोर्स के लिए किसी संकाय के स्टूडेंट्स द्वारा अन्य संकाय के विषय का चयन जेनरिक इलेक्टिव कोर्स के लिए किया जाएगा। इसी तरह एक कौशल वृद्धि कोर्स का भी चयन स्टूडेंट्स को करना है। कौशल वृद्धि कोर्स के लिए करिकुलम विभिन्न संबंधित विषयों के करिकुलम में सम्मिलित है। कौशल वृद्धि कोर्स का उस करिकुलम का उपयोग नहीं किया जाना है जो विषयों के करिकुलम में यदि उपलब्ध है परन्तु कौशल वृद्धि कोर्स की सूची में शामिल नहीं किया गया है। सभी कौशल वृद्धि कोर्स के अंत सेमेस्टर परीक्षा के लिए व्यवहारिक, क्षेत्रीय कार्य, परियोजना कार्य, प्रायोगिक परीक्षा के अनुरूप संपादित किया जाएगा। नई शिक्षा नीति के तहत जेनरिक इलेक्टिव व कौशल वृद्धि कोर्स की लिस्ट भी जारी किया गया है, उन्हीं लिस्ट में कालेजों को चुनकर कोर्स संचालित करना होगा।

### 6-6 माह में सेमेस्टर एग्जाम

इस शिक्षा सत्र से छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी यूनिवर्सिटी, कालेजों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से पूरा हायर एजुकेशन सिस्टम में बदलाव हुआ है। यहां तक अभी तक कालेजों में परीक्षा की जो वार्षिक व्यवस्था थी वह भी बदल गई है। पहले सालभर में एक बार वार्षिक परीक्षा होती थी, किन्तु नई व्यवस्था के तहत हर 6-6 माह में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम सेमेस्टर का एग्जाम संपन्न हो चुका है और अब सेकंड सेमेस्टर की क्लासेस लगनी शुरू होगी।

### केवल पीजी में था सेमेस्टर

पिछले साल तक स्नातक स्तर के अंडर ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों में फर्स्ट ईयर से लेकर सेकंड ईयर व फाइनल ईयर में वार्षिक परीक्षा व्यवस्था थी और सालभर पढ़ाई के बाद एक बार परीक्षा होती थी। दूसरी तरफ स्नातकोत्तर पीजी पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर सिस्टम लागू था और पीजी में सेमेस्टर के आधार पर 6-6 माह में परीक्षा होती थी। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्नातक पाठ्यक्रमों में भी सेमेस्टर सिस्टम शुरू हो गया है।

### फोकस स्किल डेवलपमेंट, स्किल लर्निंग पर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पढ़ाई का पूरा फोकस स्किल डेवलपमेंट, स्किल लर्निंग पर दिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि कालेज की पढ़ाई करने के बाद छात्र-छात्राएं स्टार्टअप की तरफ भी बेहिचक आगे बढ़ सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत राज्यभर के सभी यूनिवर्सिटी में समान सिलेबस तैयार किया गया है। पूर्व में जो कालेजों में शिक्षा व्यवस्था थी, उसमें स्किल डेवलपमेंट, स्किल लर्निंग पर ध्यान नहीं दिया गया था।

### प्राचार्यों को दी गई है जानकारी

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत सेकंड सेमेस्टर के शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किया है। इसके संबंध में यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग की ओर से सभी कालेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर दिया गया है।

-**शैलेन्द्र दुबे**, रजिस्ट्रार, एयू

### मुख्य कोर्स से होगा अलग

नई शिक्षा नीति के तहत सेकंड सेमेस्टर की पढ़ाई शुरू हो रही है। इसमें एक जेनेरिक इलेक्टिव एवं कौशल वृद्धि कोर्स का चयन छात्र-छात्राओं को करना है। कौशल वृद्धि स्किल्स आधारित कोर्स है जबकि जेनेरिक इलेक्टिव मुख्य कोर्स से अलग होगा, जिसमें साइंस वाला कामर्स या कामर्स वाला साइंस का एक विषय पढ़ेगा।

-**डॉ. यूके श्रीवास्तव**, प्राचार्य, आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज

---

शहर में हर तरफ मनमर्जी की चौपाटियां, 1200 ठेले वाले ही वेंडिंग जोन के लिए चयनित

# 32 करोड़ में बनी दो स्मार्ट सड़कें भी ठेले गुमटियों के कब्जे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की कई सड़कों पर अवैध चौपाटियां चल रही हैं। निगम और ट्रैफिक पुलिस की अनुमति के बिना यहां कारोबार किया जा रहा है। देखा जाए तो निगम ने शहर में 1200 के करीब लोगों को वेंडिंग जोन के लिए चिन्हित किया है, जबकि पांच हजार से ज्यादा ठेले और चौपाटियां लग रही हैं। इन अवैध चौपाटियों और ठेलों को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है। शहर में खराब ट्रैफिक की एक बड़ी वजह यही है। यही नहीं जगह-जगह पर खड़ी कंडम गाड़ियों के कारण भी सड़कों की चौड़ाई कम हो रही है। 25 करोड़ रुपए खर्च कर व्यापार विहार रोड बनाया गया था। इसके साथ ही सात करोड़ में मिट्टी तेल गली वाली सड़क संवरी थी। अब दोनों रोड के दोनों तरफ ठेले खोमचे वालों के साथ ही कारोबारियों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं।

■ **पांच हजार से ज्यादा ठेले और चौपाटियां लग रही हैं**

श्रीकांत वर्मा मार्ग, सरकंडा में पुराने पुल से लेकर सुभाष चौक तक, मंगला चौक से मुंगेली नाका चौक, लिंक रोड के साथ ही मिशन अस्पताल के सामने सड़कें 10 से 15 फीट तक संकरी हो गई हैं। दोनों तरफ आठ-आठ फीट तक शेड या सामान निकालकर कारोबार करने वालों की वजह से इन सड़कों में ट्रैफिक का बुरा हाल है। दुकानों के सामान के अलावा सड़कों पर ठेले-खोमचे और फेरी लगाने वालों के कारण भी गाड़ियों के आने-जाने के लिए जगह नहीं बच रही है। ट्रैफिक की यह अव्यवस्था लोगों को भारी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों से निगम और पुलिस का अमला शहर में कार्रवाई जरूर कर रहा है। अव्यवस्था फैलाने वालों को एक चेतावनी दी जा रही है। उसके बाद भी कारोबारी सुधर नहीं रहे हैं। देवकीनंदन चौक से सदर बाजार चौक तक की हालत तो और बुरी है।



### अवैध पार्किंग से सिमट गईं सड़कें

शहर में कई जगहों पर लोगों ने खुद ही अवैध पार्किंग बना ली है। बिना खौफ यहां गाड़ियां रखी जा रही है। गाड़ियों की वजह से लगभग आधी सड़क खत्म हो गई है। सिम्स चौक से गोलबाजार चौक तक सड़क के दोनों किनारे पर गाड़ियां खड़ी रहती हैं। नेहरू चौक से मंगला चौक तक आटो, कार और दूसरे वाहन खड़े रहते हैं। 25 करोड़ रुपए खर्च कर व्यापार विहार रोड बनाया गया था। सात करोड़ में मिट्टी तेल गली वाली सड़क संवरी थी। अब दोनों रोड पर दोनों तरफ ठेले खोमचे वालों के साथ ही कारोबारियों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं।

### बिना अनुमति खुल रही चौपाटियां

शहर में कोई भी कहीं पर चाट-गुपचुप और अन्य खाद्य पदार्थों का ठेला लगाकर चौपाटी खोल रहा है। इसकी न तो निगम से अनुमति ही ली जा रही है और न ही इन जगहों पर वेंडिंग जोन घोषित किया जा रहा है। तेलीपारा, इमलीपारा में तीन जगहों पर छोटी चौपाटी बन गई है। बस स्टैंड में राजीव प्लाजा के सामने, दयालबंद में अवैध ठेले-खोमचे और छोटी दुकानें खुल गई हैं। शहर में कई जगहों पर कारोबारियों ने खुद ही चौपाटी खोल ली है।

### वेंडिंग जोन में किया जा रहा है शिफ्ट

ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस के साथ मिलकर लगातार काम किया जा रहा है। सड़कों पर ठेले नहीं लगाएं जाएं और सरकारी जमीन कब्जा मुक्त रहे इसके लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। कुछ जगहों पर वेंडिंग जोन बनाए गए हैं जहां इन्हें शिफ्ट भी किया जा रहा है।

– **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

---

# गतौरी में तेंदुआ : जांच करने पहुंची टीम लौटी खाली हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गतौरी में तेंदुआ सड़क के किनारे बैठे दिखने की सूचना पर जांच करने के लिए मौके पर पहुंची बिलासपुर वन मंडल की टीम को मौके पर किसी तरह का पग मार्क और तेंदुआ नजर नहीं आया। पूरी खोजबीन करने के बाद टीम खाली हाथ ही वापस लौट आई।

टाइगर के बाद अब तेंदुए की अफवाह तेजी से उड़नी शुरु हो गई है। टाइगर की अफवाह से वन विभाग बिलासपुर के अफसर और स्टाफ अब तक उबर नहीं पाए हैं। वहीं शनिवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल कर दिया गया। इस वीडियो में सेंदरी से कुछ दूरी पर गतौरी में सड़क के किनारे कुछ लोगों ने कार की लाइट की रौशनी से एक तेंदुए को देखा। तेंदुआ सड़क किनारे बैठकर दहाड़ रहा था। गतौरी का नाम लेकर तेंदुए का बना वीडियो तेजी से वायरल कर दिया गया। यह केवल एक अफवाह थी, जिसकी वन विभाग के अफसरों और स्टाफ ने पहले ही जांच कर ली थी। इसकी वजह से टीम को मौके पर नहीं भेजा गया था। इस दौरान बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ सत्यदेव शर्मा के पास एक महिला का कॉल आया। मौके पर जाकर जांच करने का अनुरोध करने लगी। डीएफओ की समझाइश के बाद भी महिला अपनी बात पर अड़ी रही। इस दौरान कई वाइल्डलाइफ से जुड़े लोगों के भी कॉल डीएफओ के पास पहुंचने लगे। बिलासपुर वन विभाग की एक टीम तत्काल गतौरी के लिए रवाना कर दी गई। गतौरी पहुंचकर टीम ने दोपहर से शाम तक तेंदुए के साथ उसके पग मार्क की खोजबीन की, लेकिन कहीं भी तेंदुआ और पग मार्क नहीं मिला। शाम को अंधेरा होने के बाद टीम खाली हाथ ही वापस लौट आई।

### अफवाह फैलाने वाले जाएंगे 3 साल के लिए जेल

बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ सत्यदेव शर्मा का कहना है कि इस तरह की अफवाह उड़ाना गलत है। सोशल मीडिया में अगर किसी के पास टाइगर के वीडियो आते हैं तो उसकी पूरी तरह से पुष्टि कर लें। भविष्य में अगर इस तरह की अफवाह उड़ाई जाती है तो आईपीसी की धारा 505 के तहत अफवाह उड़ाने वालों को तीन साल की जेल भी भेजा जा सकता है।

### भेजी गई थी टीम

जिस तरह से टाइगर के होने की अफवाह फैलाई जा रही थी, उसी तरह से तेंदुए के गतौरी में होने की अफवाह उड़ी थी। तेंदुआ दिखाई देने का कॉल एक महिला ने किया था। इसके बाद वाइल्डलाइफ से भी जुड़े लोगों के कॉल आए। इसके उपरांत टीम को मौके पर भेजा गया था, जिन्हें मौके पर कुछ भी नहीं मिला।

- **सत्यदेव शर्मा**, डीएफओ वन मंडल बिलासपुर

---

## कोल इंडिया चेयरमैन प्रसाद ने किया एसईसीएल का दौरा

**बिलासपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड चेयरमैन पीएम प्रसाद ने 22-23 मार्च को एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट्स और सेंट्रल इंडिया कोलफील्ड्स का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उत्पादन, उत्पादकता, और भावी रणनीतियों की समीक्षा की। 22 मार्च को श्री प्रसाद ने एसईसीएल के दीपका मेगा प्रोजेक्ट का दौरा किया। जहां उन्होंने महत्वपूर्ण संचालन स्थलों जैसे आउटसोर्सिंग और विभागीय पैच, एफएमसी, साइलो, और रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और शिफ्ट इंचार्ज से बातचीत कर उन्हें मार्च के अंतिम दिनों में उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट का दौरा कर नीलकंठ ए और बी सहित खनन गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि अधिग्रहण की स्थिति का आकलन किया और आगामी वित्तीय वर्ष के लिए उत्पादन योजना पर गहन चर्चा की।

■ **वित्त वर्ष की योजना एवं पर्यावरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की**



### उत्पादन बढ़ाने पर जोर

22 मार्च को मेगा प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के बाद श्री प्रसाद ने चिरमिरी क्षेत्र के चिरमिरी ओसीएम का दौरा किया। उन्होंने बैकुंठपुर क्षेत्र में बैकुंठपुर, बिश्रामपुर और भटगांव क्षेत्र के महाप्रबंधकों के साथ बैठक कर उत्पादन बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने चर्चा भूमिगत खदान में अंदर जाकर खनन गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने हसदेव क्षेत्र की राजनगर ओसीएम में खनन गतिविधियों का जायजा लिया। हसदेव क्षेत्र के अनन्या वाटिका ईको-रिस्टोरेशन पार्क का भी दौरा किया। एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र पहुंचे में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधकों के साथ बैठक कर उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

### भविष्य की योजना पर चर्चा

श्री प्रसाद ने उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए आगामी वित्तीय वर्ष के लिए संचालन रणनीतियों पर जोर दिया। उन्होंने संविदा श्रमिकों के कल्याण और कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज के कार्यान्वयन पर विशेष जोर दिया। जिससे कार्यबल को बेहतर लाभ मिलेगा।

## एमपी सरकार ने अपोलो हास्पिटल को दी मान्यता

**बिलासपुर।** विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में अग्रणी अपोलो हॉस्पिटल समूह की इकाई अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर विगत 24 वर्षों से छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता चिकित्सा उपलब्ध करा रही है।

चिकित्सा के क्षेत्र में हर नई तकनीक को अपोलो समूह में सर्वप्रथम अपनाया है, इसी के परिणाम स्वरुप अपोलो बिलासपुर छत्तीसगढ़ एवं आसपास के राज्यों के लिए आधुनिक फ्लैट पैनल सीएटीएच लेब, एमआरआई, सीटी स्कैन, स्टेट ऑफ़ आर्ट लैब व मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर की सुविधा उपलब्ध कराई। इसी कड़ी में कैंसर जैसी बीमारी के लिए राज्य एवं आसपास के क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक रेडिएशन मशीन लीनियर एक्सीलेटर को भी अपोलो कैंसर हॉस्पिटल में स्थापित किया। अपोलो समूह के 14 कैंसर सेंटर एवं 350 से अधिक अनुभव प्रशिक्षित चिकित्सक किसी भी प्रकार के कैंसर के उपचार हेतु प्रतिबद्ध है। अनुभवी कुशल चिकित्सकों की श्रृंखला में अपोलो बिलासपुर में हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. निखिल



सिंघानिया व गुर्दा रोग विभाग में डॉ. विनय कुमार को अपनी टीम में सम्मिलित किया है। डॉ. विनय कुमार ने एमबीएस उपरांत एमडी मेडिसिन गोवा मेडिकल कॉलेज से संपूर्ण की तथा उसके बाद रायपुर एम्स में डीएम नेफ्रोलॉजी का कोर्स कंप्लीट किया है। डॉ. निखिल सिंघानिया ने एमबीएस उपरांत अपनी एमडी की डिग्री चंडीगढ़ से प्राप्त की। उसके बाद डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई पांडिचेरी से संपूर्ण की। इन चिकित्सकों के अनुभव का लाभ निश्चित क्षेत्र के मरीजों को लाभ प्रदान करेगा। मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों से मरीज अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में अपना उपचार प्राप्त करते रहे हैं और अब मध्य प्रदेश की शासकीय कर्मचारियों में उनके आश्रितों के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर को मान्यता प्रदान की गई है। अपने आरंभ से अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में अब तक लगभग 25000 एंजियोग्राफी 9000 एंजियोप्लास्टी 1500 सीएबीजी। लगभग 3 लाख डायलिसिस और 45 किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक संपादित किया जा चुके हैं। मरीजों की सुविधा हेतु ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अलावा अस्पताल के नंबरों पर संपर्क कर चिकित्सकों से अपॉइंटमेंट लिया जा सकता है।

---

कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

# मोदी के आगमन को लेकर भाजपा नेताओं ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मार्च को प्रस्तावित बिलासपुर प्रवास कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक बुलाई गई। इसमें प्रधानमंत्री की सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने अपील की गई।

कार्यक्रम के सह संयोजक भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा छत्तीसगढ़ और बिलासपुर के विकास यात्रा और राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस सभा में लगभग 2 लाख लोगों के शामिल होने की योजना है। पूरे प्रदेश भर से लोग प्रधानमंत्री को सुनने आएंगे। जिला प्रशासन इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी है। लोगो को लाने बसों और छोटे वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। भाजपा कार्यकर्ताओं को तालमेल बना कर कार्यक्रम को सफल बनाने



प्रधानमंत्री मोदी की आमसभा स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू एवं अन्य।

में योगदान सुनिश्चित करना है। सभा में 900 बस, जिला प्रशासन, नोडल अधिकारी होंगे। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि यह बिलासपुरवासियों के लिए हर्ष का विषय है। योजनाबद्ध तरीके से सूचना और साधन व्यवस्था का वर्गीकरण कर जन समुदाय को मोदी की सभा में शामिल कराना है। हमारे कार्यकर्ताओं में अनुभव की कमी नहीं है। पहले भी उन्होंने बड़ी बड़ी सभाओं का आयोजन किया है। प्रशासन द्वारा ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसी तरह पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिम्मेदारी बांट ले। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि पंच से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा की सरकार है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए पूरा प्रदेश आतुर है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, राजा पाण्डेय, हर्शिता पाण्डेय, रामदेव कुमावत, गुलशन ऋशि, सभापति विनोद सोनी, लवकुश कश्यप, किशोर राय सहित भाजपा पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### शांता फाउंडेशन ने स्कूल को भेंट किए 6 नग पंखे



**बिलासपुर।** किशोर पब्लिक स्कूल गतौरा में शांता फाउंडेशन परिवार के वरिष्ठ सदस्य जसमीत सिंह टुटेजा ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए 6 पंखा प्रदान किया गया। शांता फाउंडेशन के फाउंडर नीरज गेमनानी का कहना है कि हमारी संस्था गत कई वर्षों से सामाजिक कार्य करते आ रही है। जसमीत सिंह टुटेजा द्वारा हमेशा से ही सामाजिक एवं गौधन सेवा शांता फाउंडेशन के साथ मिलकर अपनी भूमिका सम्पादित करते आ रही है। हम लोगों के ऐसे ही कार्यक्रमों को देखकर कई सामाजिक बंधुओं के द्वारा कॉल या अन्य संदेशों के माध्यम से खाना उपलब्ध कराया जाता है। जिसे हमारी शांता फाउंडेशन संस्था जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य करती है। आज के कार्यक्रम मे जय प्रकाश तिवारी, दानेश्वर राजपूत आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र के दो युवाओं का अग्निवीर में चयन

**लोरमी।** भाठापारा ग्राउंड में युवाओं को पुलिस, अग्निवीर एवं सेना में भर्ती होने के लिए निशुल्क




प्रशिक्षण देने वाले क्षेत्र के दो युवा जवानों ने फिर अग्निवीर बन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। ग्राम डिंडोल के अमित साहू एवं ग्राम डोमनपुर के मनीष जायसवाल का चयन अग्निवीर में हुआ है। भूपेंद्र सिंह पूर्व फौजी ने बताया कि पिछली बार ने चयन से चूक गए थे लेकिन इस बार उनके चयन से परिजन एवं टीम के युवकों में उत्साह का संचार हुआ है।

### छात्र विक्रांत का नवोदय विद्यालय में चयन

**लोरमी।** तुलसाघाट नगर स्थित नेहा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र विक्रांत



अनुरागी पिता रमाकांत अनुरागी, माता निर्मला अनुरागी निवासी राम्हेपुर का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ हैं। छात्र ने 600 के पूर्णांक में कुल 495 अंक प्राप्त कर 82.50 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। छात्र के चयन होने पर विद्यालय के संचालक सुनील लहरे, सहायक संचालक शशी देवी लहरे, प्राचार्य प्रियंका टोन्डे, शिक्षिका गीता यादव, प्रिया अहिरवार, नीलम घृतलहरे, सुजाता ध्रुव, शिक्षक देवेन्द्र कुमार ने छात्र व उनके माता पिता ने हर्ष व्यक्त किया है।

### बोदरी के वार्ड नंबर 10 में हुआ बोर खनन



**बोदरी।** ग्राम कुआंपाली में पानी की समस्या को देखते हुए वार्ड नंबर 10 में रविवार को बोर खनन हुआ, जिसमें मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि मोनू यादव, उपसरपंच शेखर पटेल, पंच प्रतिनिधि डी भूषण डहरिया, रोजगार सहायक मन्नू डहरिया, महेंद्र, मोहन, अंतराम, ज्ञानेश्वर, सतेश्वर, गुरुवचन कोशले, इतवारी, भूपराम यादव एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पेंड्रीडीह चर्च में सरपंच उपसरपंच का सम्मान



**जरहागांव।** ख्रिष्ट्रियान मंडली चर्च पेन्ड्रीडीह छतौना में नवनिर्वाचित सरपंच किरण श्रीकांत कश्यप, उपसरपंच रमेश मरकाम को सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया। इस दौरान सरपंच किरण श्रीकांत कश्यप ने कहा कि इस पवित्र स्थल पर पहुंचना अपने आप में एक गौरव की बात है। मसीही समाज के द्वारा हमें जो सम्मान दिया वह मेरे जीवन के लिए यादगार पल रहेगा। यह केवल सम्मान नहीं है अपितु सभी की प्रार्थना इसमें शामिल है। सभी धर्मों के साथ चलकर उनके उत्थान की दिशा में कार्य करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर सरपंच किरण श्रीकांत कश्यप, उपसरपंच रमेश मरकाम, पंच निहाल मसीह, सुमित लाल को मसीही समाज द्वारा रविवारीय आराधना में ख्रिष्ट्रियान मंडली पेन्ड्रीडीह चर्च में उत्साह के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर रेव्ह आर जॉन, अध्यक्ष सतीश रामा, सचिव शशिकांत लाल, कोषाध्यक्ष आदर्श जॉन, अंकित मसीह, इमान्नुएल दास, सुजाना मसीह, नलिनी मसीह सहित समस्त कलिसिया समाज के लोग उपस्थित रहे।

### जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह कल




**मुंगेली।** जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च को दोपहर 3 बजे कलेक्टर जनदर्शन सभाकक्ष में होगा। सम्मिलन की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय करेंगे। प्रथम सम्मिलन समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव रहेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, पूव विधायक विक्रम मोहले, पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर रहेंगे। सम्मिलन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, सदस्यगण अनिता कोमल साहू, समुंद सिंद्राम, रत्ना संजय काठले, कुंती उदय जायसवाल, उमाशंकर साहू, रजनी मानिक सोनवानी, लक्ष्मीकांत भास्कर, संतोषी परमेश्वर ठाकुर, अनिला देवेंद्र राजपूत, अंबालिका साहू शामिल होंगे। उक्ताशय की जानकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने दी है।

## 153 साक्षरता केंद्रों में हुई परीक्षा

# पथरिया के 3 हजार 4 सौ असाक्षरों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की ओर से रविवार को आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम बुनियादी परीक्षा विकासखंड के सभी 150 ग्रामों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। क्षेत्र के लगभग सभी प्राथमिक शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया गया और केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति कर परीक्षा का विधिवत ढंग से आयोजन किया गया।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी पीएस बेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बुनियादी साक्षरता व संख्या, महत्वपूर्ण कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा का सतत विकास शामिल है। कार्यक्रम प्रभारी एबीईओ यतेन्द्र भास्कर ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत वर्ष भर में ब्लॉक के 153 प्राथमिक शालाओं के माध्यम से स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा ब्लॉक में 5 हजार से ऊपर असाक्षरों को अध्ययन केंद्रों में पढ़ाया गया है। केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रही इस योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला साक्षरता मिशन मुंगेली के द्वारा रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक राष्ट्रव्यापी परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड पथरिया के 153 साक्षरता केंद्रों में 3 हजार 4 सौ 16 असाक्षरों ने परीक्षा दी और पास होकर साक्षर बने। जिला परियोजना अधिकारी प्रभारी रामनाथ गुप्ता और मुंगेली प्रभारी रविन्द्र तिवारी ने पथरिया इग्नाइट परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और परीक्षार्थियों से मिलकर आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया।



परीक्षा केंद्र में परीक्षा दिलाते परीक्षार्थी।

### नगर सहित गांव के लोगों ने भी दी परीक्षा

असाक्षरता के अभिशाप से मुक्त होने की ललक नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में भी एक समान देखने को मिली। परीक्षा में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। असाक्षरों को परीक्षा केंद्र तक लाने में स्वयंसेवी शिक्षकों की भूमिका सराहनीय रही। परीक्षा के उपरांत ही उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन शिक्षकों द्वारा किया गया जिसे राज्य साक्षरता मिशन के पोर्टल में ऑनलाइन किया जएगा।

**150 अंकों का पेपर:** असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए 150 अंकों का पेपर तैयार किया गया था, जिसमें सामान्य दिनचर्या के प्रश्न, गणित में अलग-जअलग ज्यामितीय आकृतियां पहचान के साथ काम-काज में उपयोग होने वाले जोड़ घटाव के प्रश्न शामिल रहे। परीक्षा में पढ़ने में 50 अंक, लिखने में 50 अंक, गणित में 50 अंक सहित कुल 150 अंकों का मूल्यांकन परीक्षा के माध्यम से लिया गया। परीक्षा को सफल बनाने के एबीईओ रविपाल राठौर, बीआरसी अशोक यादव, पथरिया सीएससी मोहित खांडे, डीआरजी नारायणी कश्यप ने ब्लॉक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। बीआरसी में कंट्रोल रूम प्रभारी के रूप में टेक्निकल प्रभारी अशोक सोनवानी, ईश्वर जायसवाल की महती भूमिका रही।

### राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन



**लोरमी।** उल्लास राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान , बुनियादी शिक्षा एवं संख्या आंकलन परीक्षा का आयोजन पूरे विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत एवं नगर पालिका में एक साथ हुआ। विकासखंड में 4 हजार 8 सौ 30 लोगों को साक्षर करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत 10वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वयंसेवी शिक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया। 10 शिक्षार्थियों को शिक्षित करने पर उन्हें बोर्ड एग्जाम में बोनस नंबर दिया जाएगा। परीक्षा में 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के ऐसे व्यक्ति जो किसी वजह से पढ़ लिख नहीं पाए एवं उनको साक्षर करना था ऐसे लोगों का सर्वे कराया गया। इस अवसर पर परीक्षार्थियों के उत्साह के लिए शास प्राथमिक शाला तुलसाघाट में नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल वार्ड पार्षद शिवशंकर यादव , विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएड राजपूत, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील शर्मा, संकुल समन्वयक केशव चौहान, प्रधान पाठक, संध्या राजपूत, शाला के समस्त शिक्षिकाएं, उल्लास स्वयंसेवी शिक्षक एवं समस्त प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।



बैठक में शामिल भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## पीएम के दौरे को लेकर भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि भारत को शिखर पर पहुंचाने, विश्व मे भारत का मान सम्मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में 30 मार्च को हो रहा है।

जहां अधिक से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिकगण जाने हेतु उत्सुक हैं। ऐसे में हम सब का दायित्व है कि हम बड़ी संख्या में सभा स्थल पहुंचकर प्रधानमंत्री को सुनें। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता मोदी जी के आगमन पर उनका स्वागत करने, उनको सुनने जिले के सभी कार्यकर्ता ललायित हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा जो व्यवस्था की जाएगी उसके अनुरूप हम सभी को पूरे 11 मंडलों के कार्यकर्ताओं को लेकर सभा स्थल मोहभट्ठा पहुंचना है। पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखना, उन्हें सुनना हम कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है। अंजू राजपूत ने भी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सभा स्थल पहुंचने की अपील की। संचालन जिला महामंत्री गुरमीत सलुजा ने तथा आभार रामशरण यादव ने किया। बैठक में जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, प्रेम आर्य, धनीराम यादव, अंजना दास, लोकनाथ सिंह, जिला पंचायत सदस्य उमाशंकर साहू, अनिता साहू, समुंद संग्राम, उदय जायसवाल, पवन पाण्डेय, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, नगर पंचायत बरेला अध्यक्ष नरेश पटेल, सुनील पाठक, संजय वर्मा, समीर आहिरे, राणाप्रताप सिंह, मिट्ठूलाल यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## छात्र युवा मंच ने किया होली मिलन का आयोजन



**मुंगेली।** राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच के द्वारा रविवार को नया बस स्टैंड में जिला स्तरीय होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। छात्र युवा मंच के द्वारा लगातार सामाजिक, पर्यावरण तथा रक्तदान शिविर के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही समय-समय पर वृक्षारोपण, रक्तदान, ट्रैफिक नियम सहित विभिन्न मुद्दों पर जनता को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में होली मिलन उत्सव कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक यादव, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, तुलसी स्वर साहू, हेमंत कुमार, सुमन यादव, चूड़ामणी साहू, मुकेश साहू, प्रमोद यादव, तुलसी साहू, देवलाल साहू, विजय साहू, राजेश यादव, राजेश्वर साहू सहित अधिक संख्या में संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भारत योजना के लिए घर-घर किया जा रहा पंजीयन



**मुंगेली।** आयुष्मान भारत आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य अमले द्वारा शनिवार को 578 वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए पंजीयन किया गया। कलेक्टर ने जिले के सभी 70 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीयन कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभात चंद्र प्रभाकर ने बताया कि जिले में निर्धारित 35 हजार 245 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक कुल 4 हजार 312 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया जा चुका है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि इस योजना के तहत पंजीकृत वरिष्ठ नागरिकों को 05 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों एवं पंजीकृत निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगा।

## यादव समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए भिलाई विधायक



**मुंगेली।** भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव शनिवार को यादव समाज के समाजिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के लोगों के साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, अभिलाष सिंह सहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बाईक रैली निकाल कर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। गौरतलब हो कि यादव समाज द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह रखा गया था, जिसमें भिलाई विधायक एवं यादव समाज के चेहरे के रूप में देवेन्द्र यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के बाद श्री यादव ने स्थानीय रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, संजीत बनर्जी थानेश्वर साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेश छेदईया, नवनीत शुक्ला सहित बडी संख्या मे लोरमी मुंगेली के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डा. गुप्ता ने बीआरसाव स्कूल को दी दो लाख की राशि



**मुंगेली।** बीआरसाव धर्मादा ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष डॉ विनय गुप्ता के द्वारा पीएमश्री बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं में अध्यनरत गरीब एवं संस्था में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा एंव कोचिंग के लिए छात्रवृत्ति के रुप में प्रोत्साहन स्वरुप एंव संस्था में कार्य के लिए दो लाख की राशि प्रदाय की गई। बीआरसाव धर्मादा ट्रस्ट समिति के मैनेजर तिहारी राम चंद्रवंशी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गणेश बाजपेई, प्राचार्य पीसी दिव्य ने डॉक्टर विनय गुप्ता की इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य राजेंद्र क्षत्रिय, प्रधान पाठक शकुंतला राजपूत एंव दिनेश घोषले उपस्थिति रहे। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ विनय गुप्ता द्वारा स्थानीय बीआरसाव शासकीय कन्या विद्यालय के प्रतिभावान छात्राओं के लिए एक लाख पचास हजार की राशि भी कन्या विद्यालय को प्रदान की गई।

## मुंगेली जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन कल

**जरहागांव।** जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की नियुक्ति होने के पश्चात 25 मार्च को प्रथम जिपं सम्मिलन समारोह का आयोजन दोपहर 3 बजे कलेक्टर जनदर्शन सभा कक्ष में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव एवं अति विशिष्ट अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले तथा धरमलाल कौशिक रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लखन लाल साहू, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम मोहले, चोवा दास खांडेकर मौजूद रहेंगे। सरपंच समूह से लोहड़िया सरपंच प्रतिनिधि शंभू कश्यप ने बताया कि जरहागांव क्षेत्र के नवनिर्वाचित सरपंचों में लोहड़िया सरपंच आशा कश्यप, लक्ष्मीचंद मोहले सरपंच दशरंगपुर, रानू मेवा राम कश्यप सरपंच कोसमा, संतोष खांडे सरपंच डोमनपुर, किरण श्रीकांत कश्यप सरपंच छतौना, रानू तुकाराम साहू सरपंच बरदुली, ललिता संतोष बंजारे सरपंच भथरी, भुनेश्वरी देवी साहू सरपंच भठलीकला, बेबी विनोद कश्यप सरपंच बिरगांव, उमेश कुमार साहू सरपंच फरहदा एवं पद्मिनी मोहले, रीना दुर्गेश साहू जनपद सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर के शपथ ग्रहण के दौरान भव्य स्वागत करेंगे।

## अमरकंटक में राष्ट्रीय सेमिनार में शामिल हुईं डॉ अलका



**लोरमी।** ग्राम छीतापार में पदस्थ प्राचार्य डॉ अलका यादव ने मध्यप्रदेश के अमरकंटक में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में कोरवा जनजाति पर शोध व्याख्यान प्रस्तुत किया। इंदिरा गांधी जनजातीय राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व्योमकेश त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में डॉ अलका यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अमरकंटक की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय द्वारा संसाधन उपयोग और संरक्षण में जनजाति ज्ञान प्रणाली विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्राचार्य डॉ अलका यादव ने कोरवा जनजाति की महिला सशक्तिकरण पर अपना शोध व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ अलका यादव ने शोधपत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार यह जनजाति अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों को आज भी जीवित रखे हई है। उन्होंने जनजाति की आजीविका, भाषा, पहनावा और त्योहारों के महत्व को रेखांकित किया। इस राष्ट्रीय सेमिनार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी जनजातीय राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व्योमकेश त्रिपाठी ने देश की लोक संस्कृति और आदिवासी जीवन शैली के संरक्षण के लिए ऐसे शोध संगोष्ठियों के आयोजनों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए जनजातीय संस्कृति के संरक्षण पर जोर दिया।

### नपा अध्यक्ष ने जताया पीडब्लूडी मंत्री और प्रभारी मंत्री का आभार

## क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी, पेंड्रा से बचरवार रोड का टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



नगर का जर्जर पेंड्रा-बचरवार मार्ग निर्माण का टेंडर 12 मार्च को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। गौरतलब बो कि इस मार्ग के निर्माण के लिए पेंड्रा नपा अध्यक्ष राकेश जालान के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। पेंड्रा नगर की बहुप्रतिक्षित मांगो में से एक पेंड्रा से बचरवार मार्ग जो पूर्णता जर्जर हो चुका था, जनता द्वारा इस मार्ग के निर्माण की लगातार मांग की जा रही थी।

नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव में भी विरोधियों द्वारा लगातार इस मुद्दे को उठाया जा रहा था कि पेंड्रा नगर पालिका द्वारा इस सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर राकेश जालान के द्वारा चुनाव के पूर्व ही इस बात का आश्वासन दिया गया था कि पेंड्रा से बचरवार मार्ग के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है और आचार संहिता खत्म होते ही टेंडर लगेगा।

### टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

आचार संहिता के खत्म होते ही लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका टेंडर जारी कर दिया है। पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने बताया कि पेंड्रा से बचरवार मार्ग जिसकी कुल लंबाई 2 किमी है, जिसकी लागत 2 करोड़ 9 लाख 91 हजार रुपए है। इसका टेंडर विभाग द्वारा 12 मार्च को जारी कर दिया गया है। टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण कर जल्द ही रोड के निर्माण कार्य को शुरू कराया जाएगा।

### पेंड्रा का विकास मेरी पहली प्राथमिकता-

पेंड्रा नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि मैंने चुनाव के पूर्व में पेंड्रा से बचरवार मार्ग के निर्माण के लिए जो वादा किया था, उसका टेंडर लोकनिर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जल्द ही विभाग द्वारा रोड का निर्माण कार्य भी शुरू कराया जाएगा। इसके लिए मैं पेंड्रा नगर की जनता ओर से लोकनिर्माण विभाग के मंत्री अरुण साव और जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही उन्हेंने कहा कि पेंड्रा नगर का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। जिसके लिए मेरे द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा।

संकल्प नेत्र चिकित्सालय

मोतियाबिंद
का दर्द रहित, बिना टांके,
बिना भर्ती के आधुनिक
फेको मशीन से ऑपरेशन




मोनोफोकल लेंस | मल्टीफोकल लेंस | टोरिक लेंस

लेसिक लेजर
द्वारा आंखों का सफल ईलाज
चश्में, कांटेक्ट लेंस से आजादी हेतु सभी आयु वर्ग के लिए विभिन्न प्रकार के लेंस की सुविधा

आंखों के पर्दे (रेटिना) का संपूर्ण जांच तथा ऑपरेशन

मधुमेह जनित नेत्र रोगों के लिए

OCT से रेटिना जांच | Fundus Camera | ग्रीन लेजर से पर्दे का ईलाज | एंटी-वेजेफ इंजेक्शन

- SECL, रेल्वे, ESIC, CGHS से मान्यता प्राप्त।
- 35 से ज्यादा स्वास्थ बीमा कंपनियों से संबंद्धता।
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज की सुविधा उपलब्ध।

डॉ. संदीप तिवारी
नेत्ररोग विशेषज्ञ
फ़ेको कैटरेक्ट एवं लेज़र सर्जन

यूनिट-1 श्रीकांत वर्मा मार्ग, सोनी शो-रूम के बाजू से, वैशाली नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
सम्पर्क नं. : 94252-27054, 07752-422654

यूनिट-2 सुभाष कॉम्प्लेक्स के सामने, मेन रोड, जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)
सम्पर्क नं.: 95220-00224, 07752-464309

## खबर संक्षेप

### मित्रता स्वार्थ से परे होनी चाहिएः पं सत्यनारायण



**लोरमी।** संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा का आयोजन संकट मोचन हनुमान मंदिर गांधीडीह लोरमी में 16 से 23 मार्च तक किया जा रहा है, जिसमें कथावाचक पंडित सत्यनारायण तिवारी हिमान्शु महाराज हैं। कथा के छठवें दिन शुक्रवार को सुदामा चरित्र का कथा का वर्णन करते हुए पंडित डॉक्टर सत्यनारायण तिवारी ने कहा कि मित्रता कृष्ण-सुदामा जैसी होनी चाहिए। मित्रता स्वार्थ से परे होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि श्रापित चने को खाकर सुदामा स्वयं दरिद्र हो गए लेकिन उन्होंने अपने मित्र कृष्ण को श्रापित चना को खाने नहीं दिया। इस तरह उन्होंने भगवान कृष्ण को दरिद्र होने से बचा कर अपनी सच्ची मित्रता की मिशाल पेश की। इस अवसर पर पं कृष्णा कुमार तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, वृंदा सोनी, माया सोनी, नीलम सोनी, रोशनी तिवारी, रोहणी सोनी, कुंती सोनी, दीपा सोनी, कमला सोनी, तमेश्वेरी सोनी, राघवेंद्र सोनी, कृष्ण सोनी, गोकुल राठौर, संतोष निषाद, नारायण, सखा राम, परस, अविनाश सोनी सहित बडी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

### कृष्ण जन्मोत्सव एवं वामन अवतार की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**बेलतरा।** ग्राम नेवसा में अर्जुन कश्यप के निवास पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पीठ से महाराज गौरव जोशी ने अत्यंत भक्तिमय वातावरण में वामन अवतार और राजा बलि की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने वामन अवतार धारण कर दानवीर राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी और अपने विराट स्वरूप से सम्पूर्ण सृष्टि को नाप लिया। इस कथा से यह शिक्षा मिलती है कि भगवान को उनकी वस्तुएं समर्पित करने से ही जीवन की मुक्ति संभव है। कथा के साथ सुंदर भजनों का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तजन झूम उठे। महाराज जी ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के प्रेम का दिव्य प्रमाण है। इस पावन अवसर पर प्रसाद वितरण हुआ एवं भक्तों ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं, जिससे पूरे वातावरण में आनंद और भक्ति की लहर दौड़ गई।

### रामचरित मानस रूपी गंगा में डुबकी लगा रहे श्रद्धालु



**जरहागांव।** क्षेत्र में धार्मिक कार्यों के लिए मशहूर ग्राम सेमरचुवा, जिसने धार्मिक आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। इस तारतम्य में सार्वजनिक रूप से गांव में श्रीरामचरित मानस अखंड नवधा रामायण का आयोजन हो रहा है। आयोजन के आचार्य पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा, पंडित शिव प्रसाद शर्मा, मुख्य यजमान हिरउ राम ध्रुव,राधा ध्रुव, पाठकर्ता रामगोपाल दीक्षित, भागवत दास वैष्णव राजेन्द्र गिरी गोस्वामी, मनहरण वैष्णव हैं। कार्यक्रम का समापन 25 मार्च को चढ़ोत्तरी, पूर्णाहुति, कपीलातर्पण, ब्राह्मण भोज, दक्षिणा, प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा सरपंच प्रतिनिधि टेकलाल पटेल ने बताया कि अखंड नवधा रामायण में अनेक टोलियां शामिल हुई हैं, एवं उनके द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां भी दी जा रही हैं। आयोजन के अंतिम दिन टोलियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय के साथ समस्त गायन मंडलियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।इस आयोजन की सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### दल्हागिरी श्रीरुद्र महायज्ञ कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु



**सीपत।** दल्हागिरी में 18 मार्च से पंच कुंडीय एवं श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन चल रहा है, जिसमें दूर-दराज से भक्तों की भीड़ उमड़ी रही है। कथा के चौथे दिन वेदव्यास पंडित कौशल किशोर शर्मा ने कलयुग के बारे में बताते हुए कहा कि यह कथा सुखदेव महाराज राजा परीक्षित को सुना रहे हैं। राक्षस शब्द सुनते ही हमारे मस्तिष्क की कल्पना में बड़े-बड़े दांत, लंबे बिखरे हुए बाल बड़े-बड़े नाखून वाले जो प्राणी आने लगते हैं, वो ही राक्षस है। जो पिता-माता एवं इष्ट देवों को न वो राक्षस है। उन्होंने कहा कि इंसान बच्चों के सुख के लिए, पत्नी के सुख के लिए, भाई-बधुओं के सुख के लिए न जाने क्या-क्या करता है और अंत में उसको कुछ हासिल नहीं होता। इस महायज्ञ को सफल में बनाने में मुख्य यजमान नन्द कुमार गुरुद्धान, मदन मोहन सिंह, पंडित उमाशंकर गुरुद्धान, मनीष ठाकुर सहित आसपास के ग्रामीणों का विशेष सहयोग है।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**सेतगंगा-मुंगेली।** ग्राम गोरखपुर निवासी सुरेश केशरवानी के निवास में जैतराम साव, राजमती केशरवानी, मानिक लाल प्रमिला देवी केशरवानी व निर्मला देवी केशरवानी की स्मृति शेष में 20 मार्च से 28 मार्च तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्ग से होते हुए श्री राम जानकी मंदिर सेतगंगा के समीप स्थित मां नर्मदा कुंड से स्वच्छ निर्मल व पवित्र जल भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल वापस पहुंची एवं विधि-विधान के साथ कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इससे पूर्व कथा स्थल पर विधि विधान से हवन-पूजन किया गया। कथा शुभारंभ करते हुए कथा व्यास पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य और दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी कथा होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है।

## गड्ढे दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

# जर्जर सड़क पर खतरा मोल लेकर चलने को मजबूर हैं लोग



सड़क पर बने गड्ढों में भरा पानी।



भारी वाहनों के चलने से उड़ रही धूल।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर**

बिलासपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे बेलसरी के पास इतनी जर्जर हो गई है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। खराब सड़क पर चलने को लोग मजबूर हैं। सड़क पर उड़ रही धूल ने लोगों को परेशान कर दिया है। गड्ढों में पानी भरने से मार्ग पर कीचड़ भी हो गया है।

बिलासपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे बेलसरी के पास आवागमन के लिए बनी सड़क को छोड़कर यात्री बगल से गुजर रहे हैं। यहां पर सड़क की हालत इतनी खराब है कि लोगों को आवागमन के लिए सड़क को छोड़कर सड़क के किनारे चलना पड़ रहा है। इतने बड़े गढ्ढे है कि पहली बार गुजरने वाला यात्री जरूर दुर्घटना ग्रस्त हो जाता है। गड्ढों में पानी भरा होने के कारण यात्रियों को सड़क की स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाती है। इस सड़क पर प्रतिदिन जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का आना जाना होता है। इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग का इस ओर ध्यान नहीं देना समझ से परे है। बिलासपुर मुंगेली मुख्य मार्ग में गढ्ढा और उस गढ्ढे पर पानी का जमाव होना तथा इस पर विभागीय अधिकारियों का ध्यान न देना इस बात को द्योतक है कि लोग इस सड़क पर गिर कर घायल होते रहे उन्हें कोई मतलब नहीं है। बेलसरी मोड़ के पास गड्ढा होने के कारण और ज्यादा दुर्घटनाएं होने की आशंका बन गई है। इस मोड़ के दोनों तरफ की वाहनों को साइड देने के कारण बीच सड़क पर उतरना पड़ता है और इसी के कारण हादसे हो रहे हैं। बीते दिवस यहां पर एक हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दूपहिया वाहन में सवार अधिवक्ता को ओवर टेक करते हुए टक्कर मार दी थी जिससे उसके बांया पैर कट गया। कई बार नगरवासियों ने बड़ी वाहन को बाईपास से गुजारने के लिए ध्यान आकृष्ट कराया गया है परंतु आज पर्यंत इस पर कोई सार्थक पहल नही हो सकी है। अध्यक्ष प्रतिनिधि सहित पार्षदों ने थाने में ज्ञापन देकर भारी वाहनों को बाईपास से गुजारने की मांग भी की गई है।

# महिला व उसके बेटे से 60 लाख की वसूली करोड़ों की जमीन की धोखे से करा ली रजिस्ट्री

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली**



शहर के एक अवैध कालोनाइजर ने षड्यंत्र रचते हुए महिला एवं उसके बेटे की करोड़ों की जमीन को धोखे से हस्ताक्षर करवाकर रजिस्ट्री करा ली। साथ ही आरोपी ने कई किश्तों में 60 लाख रुपए से अधिक उगाही की। नगर की प्रतिष्ठित परिवार की महिला को धमकाते हुए उसने कहा कि तुम्हारे बच्चे ने लाखों रुपए कर्ज लिया है, जिसे चुकाने के लिए जमीन की रजिस्ट्री करो वरना तुम्हारे बच्चे को मार देंगे। मामले में एफआईआर दर्ज होते ही संबंधित व्यक्तियों की तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार शहर का एक अवैध जमीन कारोबारी ने करोड़ों की जमीन को कौड़ियों के दाम पर खरीदने की नीयत से महिला एवं उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। जिससे भयभीत महिला एवं उसके बेटे ने रजिस्ट्री के लिए हस्ताक्षर कर दिए। जानकारी अनुसार पण्डरिया रोड स्थित सड़क से लगी बेशकीमती 27 हजार फीट जमीन की अवैध कालोनाइजर ने धोखे से रजिस्ट्री करा ली। साथ ही 17 एकड़ जमीन का भी अनुबंध तैयार किया। जिसकी शिकायत आवेदक सिद्धार्थ बैद पिता स्वर्गीय अशोक बैद एवं उनके परिजनों के द्वारा की गई। बताया जा रहा है कि इस षडयंत्र में नगर के और भी कई जमीन से जुड़े सफेदपोश लोग शामिल है, जिनकी संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। नगर में इस धोखे से रजिस्ट्री एवं इस एफआईआर की चर्चा नगर में जोरों पर है। बताया जाता है कि उक्त अवैध कालोनाईजर ने पिछले दस साल में अपने पार्टनर के साथ मिलकर नगर में तीस एकड़ से अधिक जमीन पर अवैध प्लाटिंग कर करोड़ों रूपए कमाने के लिए शासन को करोडों के राजस्व का नुकसान पहुंचाया है। हाल ही में इसके द्वारा एसएनजी कॉलेज के सामने अवैध प्लाटिंग कर दादागिरी पूर्वक सीसी रोड निर्माण किया गया है। इसके पूर्व भी इस अवैध कालोनाईजर द्वारा एक प्रभावशाली नेता की विधवा के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी कर उनकी जमीन हड़पने प्रयास किया गया था। पीड़ति कुछ अन्य लोग भी पुलिस में जाने की मानसिकता बना रहे हैं। प्रार्थी ने शिकायत में बताया कि उसे पंडरिया रोड स्थित एक जगह पर ले जाया गया एवं वहांमम पर उसके पेट में धारदार चाकू टिकाकर उनके मोबाइल नम्बर से एक व्यक्ति से बात कराई गई। फोन पर व्यक्ति ने कहा गया कि तुम इन लोगों को रूपए दे दो नहीं तो हम लोग तुम्हें और तुम्हारे परिवार वालों को खतम कर देंगे, हम लोग लारेंस बिश्नोई गैंग के आदमी हैं। घटना में जमीन कारोबार से जुड़े लोगों के नाम रजिस्ट्री में आने के पश्चात जमीन के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। मामले से जुड़े लोगों द्वारा प्रार्थी को गैंगस्टर लारेंस विश्नोई के नाम का सहारा लेकर पैसे की वसूली की जा रही थी। पुलिस सभी बातों को ध्यान में रखकर विवेचना में जुटी हुई है। जांच के पश्चात मामले में और भी कुछ लोगों के नाम सामने आने की बात कही जा रही है। एफआईआर दर्ज होते ही उगाही एवं जमीन हड़पने वाले कालोनाईजर को बचाने के प्रयास में अवैध प्लाटिंग के एवं इस अपराध में शामिल रहे लोग सक्रिय हो गए हैं। पीड़ति परिवार द्वारा आरोपी के सभी अवैध प्लाटिंग की जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई है। पीड़ति परिवार ने मुख्यमंत्री एवं डीजीपी से मिलकर कार्रवाई की गुहार लगाने की बात कही है। इस संबंध में पुलिस ने कहा कि छह लोगों पर अपराध दर्ज किया गया है एवं जांच जारी है। जांच में तथ्य सामने आयेंगे उस अनुसार कारवाई की जाएगी।



# पंचायत सचिव संघ ने आदेश की प्रति जलाकर किया विरोध

**मस्तूरी।** पंचायत सचिव संघ शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। वहीं दूसरी तरफ पंचायत संचालनालय रायपुर की संचालक प्रियंका ऋषि महोबिया ने प्रदेश के सभी जिला पंचायत सीईओ को पत्र जारी कर पंचायत सचिवों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। दरअसल ग्राम पंचायतों के कार्यों की अनिवार्यता को देखते हुए समस्त हड़ताली पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर अपने कर्तव्य पर लौटने के संबंध में निर्देश प्रसारित किया गया एवं निर्देश की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। इस आदेश को लेकर सचिव संघ में भारी नाराजगी और रोष है। इसी क्रम में शनिवार को जनपद पंचायत प्रांगण में हड़ताल पर बैठे सचिव संघ ने शासन की ओर से जारी आदेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आदेश की प्रति जलाकर आक्रोश प्रकट किया। साथ ही विभिन्न सोशल मीडिया में पोस्ट कर सरकार के मंत्रियों को टैग किया गया एवं मांग पूरी नहीं होने तक निरंतर रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई।

■ मांगें पूरी नहीं होने तक दी हड़ताल की चेतावनी

### विधायक के प्रयासों से 13 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत



**सीपत।** मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया की अनुशंसा पर विधानसभा में विकास के लिए लगभग 13 करोड़ के कार्य स्वीकृत हुए हैं। इसके तहत सोन से सोनसरी सबरिडेरा के बीच सरार नाला में पुलिया एवं सड़क निर्माण मार्ग जिसकी लंबाई 2.50 किमी है इसके निर्माण के लिए 7 करोड़ 96 लाख 4 हजार की राशि स्वीकृत व बिनोरी से हरदी भगवानपाली नहर सड़क मार्ग जिनकी लंबाई 3.20 किमी है उसके निर्माण के लिए लागत 4 करोड़ 77 लाख बारह हजार रूपए की राशि स्वीकृत हई है। इस मौके पर विधायक लहरिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मेरे द्वारा लगातार प्रयास जारी रहेगा।

# ब्राह्मण विकास परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर**

छत्तीसगढ़ ब्राह्मण विकास परिषद के होली मिलन समारोह में एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। वार्ड क्रमांक 2 से नवनिर्वाचित पार्षद एवं सभापति अनुपमा अभिषेक पांडे का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुपमा पाण्डेय ने कहा कि सभी के स्नेह और आशीर्वाद से मैं वार्ड 2 से पार्षद निर्वाचित हुई हूं और मुझे समाज की ओर से जो सम्मानित किया गया है मैं उसके लिए सभी वरिष्ठजनों का ह्दय से आभार मानती हूं साथ ही मेरी ओर से जो भी संभव सहयोग हो सकता है समाज के लिए करना का पूरा प्रयास करूंगी। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिरुद्ध द्विवेदी, संजय शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा प्रदीप तिवारी अभिषेक पांडे केशव शर्मा विवेक पांडे , दिनेश दुबे, अनिल तिवारी ,किशन पांडे , चंद्रप्रकाश दीक्षित मिश्रा रवि शंकर पांडे अशोक कुमार पांडे, अरविंद शर्मा, मनोज, अक्षय पांडेय, संगीता तिवारी, सरिता पांडेय, कुसुम पांडेय , नंदिनी तिवारी, सरिता पांडेय, पूर्णिमा शर्मा, राखी तिवारी, माधुरी त्रिपाठी, मंजू शर्मा, विभा शर्मा, सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप तिवारी आभार प्रदर्शन केशव शर्मा के द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोग।

# कन्नौजिया समाज का होली मिलन



**सीपत।** रतनपुर राज कनौजिया कुम्हार समाज का होली मिलन लखराम में संपन्न हुआ, जिसमें चारों राज के अध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल हुए। देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के पश्चात समाज के सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुंभकार ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं है। यह अहंकार व अज्ञानता को दूर कर आपसी प्रेमभाव बढाने का पर्व है। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के उत्सव समाज में एकता और भाईचारे की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि कन्नौजिया कुंभकार समाज न केवल अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखता है, बल्कि समय-समय पर मिलकर सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देता है। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज कन्नौजिया कुंभकार समाज के अध्यक्ष दिनेश कुम्भकार, किशनलाल, राजकुमार, बद्री प्रजापति, जागेश्वर कुम्भकार, महेंद्र, सुशील, रोहित, शत्रुहन, राजेश, सेवन, विनोद, प्रकाश, धनेश, संतराम, अश्वनी , श्यामकार्तिक, परमेश्वर, संतोष, प्यारे कुम्भकार, गोवर्धन, रतनपुर कुंभकार समाज के मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुंभकार, विजय, देवकुमार, रामनाथ सहित बड़ी संख्या में कुंभकार समाज के लोग शामिल रहे।

# देश के शहीदों को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर**

शहीद भगत सिंह और राजगुरू सुखदेव को नगर के महाराणा प्रताप चौक में दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि शहीद भगत सिंह ने अंग्रेजों की छक्के छुड़ा दिए थे और वे भारत माता की सेवा में अपनी प्राण न्यौछावर कर दिए। भारत के हर नागरिक का कर्तव्य है कि अपने मातृभूमि की सेवा के लिए यदि प्राणों की भी आहूति देनी पड़े तो व्यक्ति को पीछे नही हटना चाहिए यहीं एक सच्चे भारतीय का फर्ज है। शहीद राजगुरू बचपन से ही वीर और साहसी व्यक्ति थे वे बचपन से ही देश के प्रति कुछ कर गुजरने की सोच रखा करते थे और जब वे समय आया तो हंसते हंसते अपनी जान देश के नाम कर दिया। नगर के महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानेंद्र देवांगन और अय्युब अंसारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमर कुरैशी एवं आभार प्रदर्शन ज्ञानेंद्र देवांगन ने किया। इस अवसर पर मुकीम अंसारी, आतमजीत सिंह मक्कड़, अजय देवांगन, दिलीप तोलानी, बिहारी देवांगन, टेकचंद कारड़ा, सुनील जांगड़े, शैलेंद्र निर्मलकर, हूप सिंह क्षत्री, हरविंदर हूरा, किशन सचदेव, टीसू हूरा, चंद्रप्रकाश देवांगन, बबलू गुप्ता, अंकित अग्रवाल, जुनेद जिंदरान, करीम कुरैशी, लोरी सोनी, मंजीत सिंह चंचल, मुस्तफा वनक, दुर्गा ठाकुर, बबलू पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित नागरिक।

### नवधा रामायण में शामिल हुए नपं अध्यक्ष एवं पार्षद

**जरहागांव।** नपं बरेला में विगत 26 वर्षों से आयोजित होने वाले अखंड नवधा रामायण में शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल समस्त पार्षदों के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर नरेश पटेल ने कहा कि हमें मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु राम की छवि को अपने जीवन में उतारना चाहिए तथा उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह नगर के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे तथा बरेला को सर्व सुविधायुक्त नगर बनाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने रामायण पंडाल में आगामी समय में 85 लाख की लागत से टीन सेट लगवाने की घोषणा की। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष शेख जैनुल पार्षद नितेश पटेल, हीरालाल पटेल, पवन पटेल विजय दिवान, प्रदीप धुवंशी, संजय धुरी, बंटी सेमरिया, भगेला धुरी, जगदीश धुरी, राजकुमार साहू, गजानंद निर्मलकर, संजय निर्मलकर तथा भाजपा कार्यकर्ता नोहर सिंह ठाकुर आदि मौजूद थे।

## निधन

### अशोक कुमार बासु



**बिलासपुर।** साई निलमय एल 3 विद्या नगर निवासी अशोक कुमार बासु का 23 मार्च को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे मिनाक्षी बासु के पति एवं सोमेश बासु के पिता थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 20/03/2025

प्रति, 1. आवेदक बिरझी पिता रामा सा. लावर कोनी आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. श्रीवास 3. सोनी

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक / तह. / ना.तह./ वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक / / 2024

ग्राम चांटीडीह प.ह.न. 33 रा.नि.मं. सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 381/3 रकबा 0.024 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक/ आवेदिका बिरझी पिता/ पति रामा के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 25/03/2025 को समय 11:00- 5.00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**सरकंडा बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..../अ-6/2024-25

पक्षकार :- दीपक बुधौलिया पिता रमाकांत बुधौलिया ...आवेदक बनाम

मेसर्स श्रीराम कन्सट्रक्शन बिलासपुर द्वारा भागीदार राजकुमार सुल्तानिया पिता स्व. लखेश्वर प्रसाद सुल्तानिया ...अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक बुधौलिया पिता रमाकांत बुधौलिया निवासी अभिषेक ट्रेडिंग कंपनी गोलबाजार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला खपरगंज नजूल शीट नं. 33 प्लाट नं. 50/1, 2, 3, 4, 5, 6 रकबा 29455 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर निर्मित बहुउददेशीय परिसर श्रीराम प्लाजा के प्रथम तल पर फलेट क्रमांक 7 रकबा 827.32 व.फु. (छत छोड़कर) को आवेदक के द्वारा अनावेदक मेसर्स श्रीराम कन्सट्रक्शन बिलासपुर द्वारा भागीदार राजकुमार सुल्तानिया पिता स्व. लखेश्वर प्रसाद सुल्तानिया से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने के लिए के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 9/4/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 21/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सुचना कब्जे से संबंधित**

सर्व साधारण सुचित किया जाता है कि ग्राम लगरा प.ह.न. 27 खसरा नं. 484/16 में से रकबा 013 एकड़ भूमि हिरालाल देवांगन पिता स्व. जीवन लाल देवांगन ने विक्रेता शिव प्रसाद सोनी पिता महेश प्रसाद सोनी निवास लिगिंयाडीह से क्रय किया गया है।

उत्तर
आम रास्ता
पूर्व विक्रेता शिवप्रसाद सोनी
पश्चिम विक्रेता शिवप्रसाद सोनी
दक्षिण
विक्रेता की बचत शिव प्रसाद सोनी

यह की खसरा नं. 484/16 में से रकबा 013 एकड़ भूमि पर कब्जा विक्रेता शिव प्रसाद सोनी द्वारा दिनांक 24/03/2025 को कब्जा दिया जाना निश्चित किया गया है। यह की उक्त खसरा नं. 484/16 में से जिस किसी ने विक्रेता शिव प्रसाद सोनी से क्रय किया गया है। उन्हे सुचित हो एवं अपनी क्रय की गयी भूमि चतुसीमा पर काबिज हैं या नहीं सो सुचना जाहीर किया जा रहा है। किसी प्रकार आपत्ती हो तो दिनांक 24/03/2025 वर्णित खसरा नम्बर भूमि के स्थान पर अथवा मोबाईल नं. पर सम्पर्क करें।

भवदीय
हीरालाल देवांगन मो. 9907509321
वासुदेव शर्मा, सिविल कोर्ट अधिवक्ता, शंकर नगर, बिलासपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 21.03.2025

ग्राम तोरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1261/73 रकबा 0.0100 हे. हेक्टेयर/ एकड़ भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक रूपनारायण तिवारी पिता/ पति स्व. श्री राम रतन तिवारी निवासी हेमूनगर तोरवा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 09.04.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 21.03.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र........ब-121/2025
क्रमांक/608/वाचक / तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 11.03.25

सर्वसाधारण/ आम जनता ग्राम बरबसपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनतदास पति/पिता श्री कुदुराम जाति सत साकिन बरबसपुर तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन डेरहीन बाई आ. श्री.. कुदुराम के जन्म/ मृत्यु दिनांक 30.10.2023 ग्राम बरबसपुर को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 25.03.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वंय/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र........ब-121/2025
क्रमांक/609/वाचक / तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 11.03.25

सर्वसाधारण/ आम जनता ग्राम बरबसपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनतदास पति/पिता श्री कुदुराम जाति सत साकिन बरबसपुर तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/ पुत्री/पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन बुआ सुकवरिया आ. श्री सुन्दर के जन्म/ मृत्यु दिनांक 25.09.2023 ग्राम बरबसपुर को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 25.03.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वंय/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

23- MAR- BSP- P-5 ZIN_Layout 1 3/24/2025 12:04 AM Page 1





संगोष्ठी

## विकसित भारत के लिए सामाजिक उद्यमियों की आवश्यकता



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने की। कुलपति चक्रवाल ने कहा की शिक्षकों को ऐसे विद्यार्थियों को तैयार करना होगा जो शिक्षा के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्वों को समझते हुए राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं में सामाजिक उद्यमिता का भाव पैदा करने की आवश्यकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा में समाहित करते हुए वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों के कौशल विकास पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुभवजन्य शिक्षा, कौशल तथा उद्यमिता विकास, मातृभाषा में शिक्षा, रोजगार उन्मुखी, शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा इत्यादि बिंदुओं पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में स्वावलंबी छत्तीसगढ़ जैसी अनेक योजनाएं विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ती हैं। संगोष्ठी में देश-विदेश के विद्वान शामिल हुए।

आयोजन

## देश की आजादी में आर्य समाज का अहम योगदान



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग का कार्यक्रम हुआ। इसमें पहले यज्ञ किया गया। जिसमें गौरव, अर्पित बत्रा सपरिवार यजमान रहे और अपना जन्मदिन वैदिक रीति से हवन कर मनाया। बहन संध्या शर्मा ने देश भक्ति गीत सुनाया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने क्रांतिकारियों की गाथा सुनाते हुए कहा कि देश की आजादी में आर्य समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा। 85% क्रांतिकारी आर्य समाजी थे। महर्षि दयानंद सरस्वती और उनकी लिखी क्रांतिकारी विचारों की पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश को पढ़कर युवाओं ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्हीं में से आज 23 मार्च को तीन युवाओं भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान दिवस है। तीनों युवाओं को 24 मार्च को फांसी की सजा सुनाई गई थी लेकिन जनता के आक्रोश के कारण एक दिन पहले ही अंग्रेजों ने तीनों को चुपके से जेल के सब दरवाजे खिड़की बंद कर 23 मार्च को फांसी दे दी थी। भगत सिंह का जन्म आर्य परिवार में हुआ था। भगत सिंह के दादा अर्जुन सिंह आर्य समाज के सक्रिय कार्यकर्ता और प्रचारक थे। अर्जुन सिंह ने अपने पोते भगत सिंह का जनेऊ संस्कार आर्य समाज के पंडित लोकनाथ से करवाया था।

शिविर

## जीवन की समस्याओं का समाधान है मेडिटेशन



**बिलासपुर।** जिस प्रकार गणित ना सुख को जोड़ सकता है और ना ही समस्या को घटा सकता है परंतु समाधान जरूर देता है ठीक इसी प्रकार मेडिटेशन भी हमारे जीवन की समस्या का समाधान करता है। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रामाग्रीन सिटी की मुख्य संचालिका बीके राखी दीदी ने एसईसीएल के कर्मचारियों को मेडिटेशन से होने वाले फायदे को बताते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में समस्याएं तो जरूर आते हैं परंतु उन समस्याओं को सही तरीके से सुलझाना हमारे हाथ में है। यदि बाहर कोई हमें खराब चीज दें तो हम उस खराब चीजों को नहीं लेंगे। इसी प्रकार अगर हमें कोई दुख दें तब उस दुख को भी लेना और नहीं लेना भी हमारे हाथ में है। यदि हम दुख लेंगे तो दुखी होंगे, परंतु हमने दुख लिया ही नहीं तो हमारे जीवन में उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और हम सदा हर्षित रहेंगे। जब हमारा मन परमात्मा के साथ जुड़ता है तब परमात्मा से हमको शक्तियां मिलती है और उन शक्तियों से हम अपनी समस्या का आसानी से समाधान निकाल सकते हैं। हर क्षेत्र में हमको सफलता मिल सकती है एवं हमारा जीवन सदा खुशनुमा रहेगा, जिसे देख दूसरों का भी दुख समाप्त हो जाएगा। बीके सुनैना बहन ने उपस्थित कर्मचारी गण को विभिन्न प्रकार की तालियों के बारे में बताया तथा उनके फायदे बताएं। उक्त कार्यक्रम में एसईसीएल के जी.एम. सेठी तथा वरिष्ठ सर पात्रे सहित एसईसीएल के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भगवान आदिनाथ की जन्म जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकली

भगवान आदिनाथ के जन्म जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो क्रांति नगर स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस दौरान समाज की श्रावक श्राविका बड़ी संख्या में उपस्थित थे।







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शोभायात्रा में पूजन वेशभूषा धारण कर भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को कंधों में लेकर गाजे-बाजे के साथ रथ यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान आदिनाथ, महावीर स्वामी के जयकारा गूंजते रहे। प्रथम तीर्थंकर 1008 आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याण एवं तप कल्याण महोत्सव चैत्र मास कृष्ण पक्ष की तिथि नवमी पर रविवार को धूमधाम से मनाया गया। मूलनायक 1008श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर क्रांतिनगर में मंगलाष्टक प्रातः प्रारम्भ हुआ एवं अभिषेक शांतिधारा के पश्चात पूजन के हुआ प्रातः 7.30 बजे विधि विधान के साथ श्री जी की भव्य शोभा यात्रा "विमानोत्सव" भक्ति भाव से निकाली गई। संत शिरोमणि आचार्य विद्या सागर के "चरण चिन्ह" जो कि चन्द्रगिरि तीर्थ से प्रतिष्ठित होकर तीनों मंदिर में विराजमान होगा। उन "चरण चिन्हों कि भी प्रभात फेरी बड़े ही हर्षोल्ला के साथ निकाली गई।

अध्यक्ष दीपक जैन ने बताया की सभी पुरुष वर्ग "सोले" में ही भगवान के" विमानोत्सव " में शामिल हुए। महिला वर्ग केशरिया साड़ी में तथा महिला मंडल अपनी-अपनी निर्धारित ड्रेस कोड में थे। सभी बच्चे जैन धर्म का ध्वजारोहण लेकर सबसे आगे चले उनके पीछे बैंड बाजे, फिर श्री जी का विमान, विमान के पीछे चरण चिह्न, महिला मंडल एवं महिलाए केशरिया साड़ी में चली।

### श्री जी का अभिषेक

"विमानोत्सव"क्रांति नगर मंदिर से प्रारंभ होकर सांईं दरबार, मैग्नेटो मॉल से गायत्री मंदिर चौक होते मंदिर की परिक्रमा करते हुए, मंदिर पहुंचा। तत्पचात श्री जी का अभिषेक शांतिधारा एवं पूजन बड़े ही भक्ति भाव व संगीत मय वातावरण में बोलियों के माध्यम से हुआ।

जिसमें प्रवीण जैन ने श्री जी को विमान में विराजित किया एवं सारथी के रूप में कैलाश, ऋषभ जैन, सुनील जैन, मुकेश जैन एवं चरण चिह्न के सारथी अमित जैन बने। श्री जी जब नगर भ्रमण कर वापस मंदिर पहुँचे। तब श्री जी अभिषेक का सौभाग्य सोधर्म इंद्र राकेश जैन, शैलेश जैन, बाहुबली जैन, सुकुमार जैन, भूपेंद्र चंदेरिया, प्रमोद जैन परिवार को मिला। तत्पश्चात भगवान का पूजन किया गया।

आचार्य विद्या सागर महाराज के चरण चिन्ह तीनों मंदिर में होंगे विराजमान

### अष्ट धातु से निर्मित 108 किलों का चनण चिन्ह

श्री पार्श्व नाथ दिगम्बर जैन मंदिर सरकंडा में मंगलाष्टक प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात अभिषेक एवं शांति धारा पूजन किया गया। सकल जैन समाज के भोजन की व्यवस्था जैन परिवार के द्वारा की गई थी। इसके पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया। बिलासपुर स्थित तीनों जिनालय के लिए चंद्रगिरि से संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के चरण चिन्ह बिलासपुर आए थे,। अष्ट धातु से निर्मित 108 किलो के इन चरण चिन्हों की भी शोभायात्रा निकाली गई ।



# मन स्वच्छ होने पर मिलती है भगवान की भक्ति

भागवत पुराण साधारण नहीं बल्कि सभी पुराणों का सम्राट है। भगवान का नाम आनंद है। आनंद के सिंधु भगवान हैं। भक्ति के बिना भगवान किसी को नहीं मिलते हैं। भगवत भक्ति व भजन भगवान प्राप्त करने का साधन है, पर भक्ति उसी को मिलती है जिसका मन स्वच्छ हो।





निम्बार्क भवन विद्यानगर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा

**बिलासपुर।** ये बातें सद्गुरुदेव एवं श्रीराधारानी की संरक्षण में श्रीराधा कृष्ण उत्सव सखी परिकर बिलासपुर के तत्वावधान में नववर्ष 2082 के आगमन पर श्री निम्बार्क भवन विद्यानगर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ में कथा वाचक श्रीधाम वृन्दावन श्री चैतन्य किशोर कटारे महाराज ने भागवत कथा के महात्मय पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा निकालने की परंपरा पूर्व काल से प्रचलित परंपरा है। इंसान के जीवन का लक्ष्य उदर की पूर्ति नहीं बल्कि भगवान की प्राप्ति होनी चाहिए। हम सभी के लिए पूजा पद्धति व परंपरा को जानना जरूरी है। कलश यात्रा में कभी भी भागवत से आगे न जाए। दैहिक, भौतिक सहित तीनों प्रकार के ताप को नष्ट करने वाले सच्चिदानंद है। उन्होंने कहा कि भगवान द्वारा दी गई बुद्धि का सदुपयोग करें। उसे परमात्मा के चरणों में लगाएं। सखी आशा अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भगवद्चरण कमलों की भक्ति प्राप्ति, उत्तरोत्तर वृद्धि, सुख, शान्ति, स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति, परिकर में सभी के मध्य सौहार्द, प्रेम, धर्म और सनातन के प्रति आस्था व विश्वास बनाए रखना है। कथा आरंभ होने से पहले बाजे-गाजे के साथ एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा 29 मार्च तक प्रतिदिन अपराह्न 3 से सायं 6.30 बजे तक चलेगी। इस मौके पर कमला, बजरंग केडिया, राम अवतार अग्रवाल, उषा अग्रवाल, कमला केडिया, आशा अग्रवाल, सीमा गुप्ता, चंद्रकला अग्रवाल, प्रमिला अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, उषा अग्रवाल, राधा मित्तल, किरण सुल्तानिया, रंजू सराफ, विनीता अग्रवाल, पुष्पा तायल, मीरा अग्रवाल, सावित्री अग्रवाल सहित सखी परिकर की सभी बहनें उपस्थित थीं।

महिला कल्याण समाज ने इंदिरा विहार कॉलोनी में गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें समाज की सचिव माधुरी तिवारी के नेतृत्व में एक से बढ़कर एक गीत गाकर नृत्य किया गया। हाउजी खेली गई। मनोरंजक गेम खेला गया। लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया।

# महिलाओं ने गीत गाकर किया नृत्य, खेलों का लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहसचिव रेहाना खान, कोषाध्यक्ष कविता घोष, कृति गंगाजली सुप्रभा आचार्य, पुष्पा पटेल, आभा पांडेय, ज्ञानती शाह, तारा गोस्वामी, सरिता चौहान, प्रीति, रवि, सीमा दिघ्रस्कर, राखी कोस्टा, लिपि दास गुप्ता, रोजा सिंह, शेफाली घोष, बबीता मिश्रा, गीता रावत, सविता, सरला शर्मा, वंदना देवांगन, लक्ष्मी, माया कपाले, नागमणि राव, दुर्गेश साहू, किरण बाला पांडेय, मनोरमा चौकसे, किरण ठाकुर, रजनी भारत, फरीदा हुसैन, भारती सिंहा, एंजेलिना राज, रेणुका मसीह, दिव्या भौमिक, प्रभा शुक्ला का सहयोग रहा।

स्पोर्ट्स न्यूज

मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता

# अनुराग की शानदार शतकीय पारी की बदौलत बिलासपुर ने ली बढ़त





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर अपना दूसरा मैच रायपुर के आरडीसीए मैदान में सरगुजा के मध्य खेल रहा है। बिलासपुर ने पहले दिन का खेल खत्म होते तक बिना विकेट खोए 8 रन बना लिए थे। रविवार को दूसरे दिन का खेल खेला गया। जिसमें बिलासपुर ने 73.2 ओवर में अनुराग मिश्रा के शानदार शतकीय पारी की बदौलत 325 रन बनाकर आउट हो गई।

बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अनुराग मिश्रा ने शानदार पारी खेलते हुए 169 दिनों में 15 चौके और दो छक्कों की मदद से 117 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा प्रथम सिंह ने 80 रन और अभिषेक सगोरा ने 26 रनों का योगदान दिया। सरगुजा की ओर से गेंदबाजी करते हुए आराध्या गुप्ता ने तीन विकेट प्राप्त किया। इस तरह बिलासपुर ने सरगुजा से पहली पारी में 103 रनों की बढ़त बनाई। इसके पश्चात सरगुजा ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए एक विकेट खोकर 60 रन बना लिए थे। बिलासपुर की ओर से एक विकेट ओम वैष्णव को प्राप्त हुआ। मैच के निर्णायक नितिन काठवर और मनोज सिंह, स्कोरर मनोज तिवारी और ऑब्जर्वर शेख अनवर है। बिलासपुर टीम के कोच शैलेश सैमुअल और मोईन मिर्जा है। इसके अलावा भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में बिलासपुर ब्लू अपना दूसरा मैच जांजगीर चांपा के मध्य खेलने उतरी है।

### पहले दिन का खेल खत्म

जिसमें जांजगीर चांपा ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक सात विकेट खोकर 279 रन बना लिए थे। दूसरे दिन का खेल खेलते हुए जांजगीर चांपा ने 92.3 ओवर में 295 रन बनाकर आउट हो गई। जांजगीर चांपा की ओर से आज बल्लेबाजी करते हुए आयुष शर्मा ने 22 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए श्रेयम सुंदरम ने चार विकेट, मोहम्मद शाहनवाज हुसैन ने तीन विकेट और परिवेश धर ने दो विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात बिलासपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने तक 56 ओवर में चार विकेट खोकर 204 रन बना लिए हैं।

### बढ़त बनाने 91 रन की दरकार

बिलासपुर ब्लू की ओर से बल्लेबाजी कर विकेटकीपर शाहबाज हुसैन ने अपना अर्ध शतक पूरा करते हुए 76 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा दीपक सिंह बघेल ने 34 रन, अनुज कुमार सिंह ने 29 रनों का योगदान दिया। दिन के खेल खत्म होते तक सनी पांडे ने 52 रन और रोहित नेतानी ने दो रन पर नाबाद खेल रहे हैं। जांजगीर चांपा की ओर से गेंदबाजी करते हुए साहबान खान ने तीन विकेट और लव्यम राजपूत ने एक विकेट प्राप्त किए हैं। बिलासपुर ब्लू को जांजगीर चांपा से बढ़त बनाने के लिए अभी भी 91 रन और बनाने हैं। मैच के निर्णायक सुनील डरसेना, हरप्रीत सिंह, स्कोरर नंद गिरीश और ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिदाना है। बिलासपुर ब्लू के कोच सुशांत शुक्ला हैं।



## बास्केटबाल ग्राउंड में प्रशिक्षण शुरु

परीक्षा खत्म होते ही ग्राउंड में दिखने लगे बच्चे

परीक्षा समाप्त होते ही अब बच्चों की भीड़ ग्राउंड में दिखनी शुरु हो गई है, जिसमें मुख्य रूप से देवकीनंदन दीक्षित कन्या शाला के बास्केटबॉल ग्राउंड में बच्चों को बास्केटबाल का प्रशिक्षण देना भी शुरु कर दिया गया है। 21 मार्च को 12वीं और 10वीं की परीक्षाएं समाप्त हो गई है। परीक्षा की समाप्ति के साथ कई बच्चे परिवार के साथ बाहर छुट्टी मनाने निकल गए हैं, तो कई बच्चों ने नए कोर्स की तैयारियां भी शुरु कर दी है। इसी तरह ज्यादातर बच्चे परीक्षा खत्म होने के बाद ग्राउंड में भी नजर आना शुरु हो गए हैं। इसी तरह देवकीनंदन दीक्षित कन्या शाला के बास्केटबाल मैदान में शाम को पहुंचने वाले बच्चों को खेल की बारिकियों से अवगत कराया जा रहा है। कोच आनंद सिंह ने बताया कि परीक्षा होने के कारण ग्राउंड में एक दो बच्चे ही रेगूलर आते थे, लेकिन परीक्षा की समाप्ति के बाद इनकी संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। सभी बच्चों को प्रशिक्षण के दौरान आने वाली जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जा रहा है, ताकि वे जिले की टीम में शामिल होकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर सकें।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराते दो भाई गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने चाकू रखकर अशांति फैलाने वाले दो भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली, मिनीमाता नगर तालापारा में दो युवक चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चाकू सहित तालापारा निवासी रामू भारती व उसके भाई अजय भारती को पकड़ लिया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है।

### बेकाबू ट्रक ने बाउंड्रीवाल तोड़ते हुए कार को ठोंका

**बिलासपुर।** बेकाबू ट्रक ने अनियंत्रित होकर अपार्टमेंट की बाउंड्रीवाल तोड़ते हुए पार्किंग में खड़ी कार को टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
तोरवा पुलिस के अनुसार, पावर हाउस चौक लक्ष्मी अपार्टमेंट निवासी रेलवे कर्मी चंदन कुमार सिंह 22 मार्च की सुबह 10.30 बजे घर में थे। उनकी कार क्रमांक जेएच 01 ईडी, 1874 पार्किंग में खड़ी थी। इसी दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 10 एबी, 6254 के ड्राइवर ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए अपार्टमेंट की बाउंड्रीवाल को तोड़ते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में बाउंड्रीवाल व कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने चंदन कुमार की रिपोर्ट पर ट्रक ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत जर्म दर्ज कर लिया है।

### सड़क पर नशे में हंगामा मचाने वाले 2 गए जेल

**बिलासपुर।** बार के बाद सड़क में हंगामा मचाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तारबाहर टीआई कृष्णचंद सिदार ने बताया, शनिवार की रात श्रीकांत वर्मा चौक स्थित एक बार में नशे में दो युवक हंगामा मचा रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर युवकों को समझाइस दे रही थी। नशे में दोनों युवक चौक पर जाकर हंगामा मचाने लगे। पुलिस हंगामा मचा रहे पेण्ड्रा निवासी तनिष्क खंडेलवाल व वीरेन्द्र राठौर को पकड़कर थाने ले गई। रविवार को पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### सफाई के बाद सड़क पर रखे मलबे को नहीं हटाया



**बिलासपुर।** पिछले दिनों जेल चौक से बृहस्पतिबाजार चौक तक नाले की सफाई की गई थी। काफी दिनों बाद सफाई होने के कारण भारी मात्रा में मलबा निकाला था। नगर निगम के सफाईकर्मी मलबे को निकालकर भूल गए। सड़क किनारे मलबा पड़ा होने के कारण दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसके कारण लोग आए दिन जाम में फंस रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ मलबे से उठाने वाली दुर्गंध से यहां के रहवासियों रहना दुर्भर हो चुका है। लोगों ने इसकी शिकायत कई बार जोन कार्यालय से की गई है। लेकिन नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मलबा हटाने की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। वहीं बारिश होने से नाली से निकला मलबा सड़क पर बिखर गया है।

**बेहतर रैंकिंग के लिए निगम तमाम कवायद कर रहा** | **पूरे शहर में कुल 849 आवासीट बीट, 120 व्यावसायिक बीट हैं**

# 449 आवासीय और 45 व्यावसायिक बीट बनाकर शहर में सफाई का दावा, इसके बाद भी हर तरफ कचरा और गंदगी



**बिलासपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए निगम तमाम कवायद कर रहा है। निगम के पुराने क्षेत्रों में साफ-सफाई का काम संभालने वाली लायंस सर्विसेस कंपनी नए जुड़े वार्डों में भी मैकेनाइज्ड और मैन्युअल सफाई कर रही है।

नए क्षेत्रों में सफाई के लिए पूरे क्षेत्र के लिए 449 नए आवासीय बीट, 45 व्यावसायिक बीट निर्धारित किए गए हैं, जिसके जरिए सफाई कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा सभी मुख्य मार्गों जिसमें हाइवे भी शामिल है, कुल 11 किमी का मैकेनिकल सफाई का दावा है। इसके बाद भी लेकिन हर तरफ कचरे ही दिखाई देते हैं। नालियां साफ ही नहीं हो रही हैं। इसके साथ ही पुराने क्षेत्र को अभी 400 आवासीय और 75 व्यावसायिक बीट में बांटकर सफाई कार्य किया जा रहा हैं, जिसमें 775 कर्मी कार्यरत हैं। निगम का कहना है कि नए क्षेत्रों में इस व्यवस्था के तहत कार्य शुरु होने पर पूरे शहर में कुल 849 आवासीट बीट,120 व्यावसायिक बीट हो गए हैं। कुल 1565 सफाई कर्मी मिलकर पूरे शहर को स्वच्छ रख रहे हैं। निगम का यह दावा कितना सही है इसका रिजल्ट तो स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग आने के बाद ही पता चल सकेगा।गौरतलब है कि अब तक नगर पालिक निगम के पुराने क्षेत्रों में 6 साल से मशीनीकृत और मैन्युअल सफाई हो रही थी। नए जुड़े क्षेत्र लेकिन इससे अलग थे। अब इसे शामिल कर लिया गया है। गौरतलब है की शहर में सितंबर 2018 से मैकेनाइज्ड और मैन्युअल स्विपिंग की शुरुआत की गई थी,जो दिन और रात दोनों समय में संचालित किया जाता है। सफाई का जिम्मा लायंस सर्विसेस संभाल रही है। हालांकि इसके बाद भी रैंकिंग में सुधार नहीं हो रहा है। बिलासपुर पिछड़ ही रहा है। ध्यान रहे कि निगम सीमा में 15 ग्राम पंचायत,2 नगर पंचायत और 1 नगर पालिका को शामिल किया गया था। परिसीमन के बाद नगर निगम के कुल 70 वार्ड बनाए गए थे।

### आपरेशन एंड कमांड कंट्रोल सेंटर

निगम अधिकारियों के मुताबिक जीआईएस बेस्ड मैन्युअल और मैकेनाइज्ड स्विपिंग के तहत सफाई कार्य के सफल संचालन और निगरानी के लिए विकास भवन के तृतीय तल में आपरेशन एंड कमांड, कंट्रोल सेंटर बनाया गया है। जहां से शहर की सफाई व्यवस्था पर नजर रखी जाती हैं। छः साल पहले जब शहर में मैकेनाइज्ड और मैन्युअल सफाई व्यवस्था की शुरुआत की गई थी उस समय कंट्रोल सेंटर को तैयार किया गया था। उस दौरान बिलासपुर पूरे राज्य का पहला शहर था जहां सफाई के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया था, जिसका फायदा भी शहर को मिला। कमांड सेंटर का संचालन लायंस सर्विसेस द्वारा ही किया जाता है। नए क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की निगरानी भी इसी सेंटर से की जाएगी।

### डुलेवा मशीन 1 से बढ़कर 2 और वाटर जेटिंग मशीन 3 हुई

निगम के मुताबिक मैन्युअल और मैकेनाइज्ड स्विपिंग के तहत नई अत्याधुनिक मशीनों की संख्या में भी इजाफा किया जाएगा। अब तक 1 डुलेवा मशीन,जिससे सड़क किनारे,फूटपाथ,और डिवाइडर की सफाई की जा रही थी उसकी संख्या बढ़कर 2 हो गई है। इसी तरह चौक चौराहों, मूर्तियों और फुटपाथ की वाशिंग करने वाली वाटर जेटिंग मशीन 1 से बढ़कर 3 हो गई है। इसी तरह बश कटर, टिपर, ट्रैक्टर इमरजेंसी रिस्पांस वाहनों की संख्या में भी इजाफे की बात कही जा रही है।

### अच्छी रैंक मिलने की है उम्मीद

नई व्यवस्था शुरु होने से हर साल होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में भी इसके लाभ मिलने की उम्मीद है। निगम सीमा में ग्राम पंचायतों के जुड़ने के बाद सफाई की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने से नगर निगम को मिलने वाले अंक कट जाते थे, जिसका असर रैंकिंग में पड़ता था पर अब सफाई व्यवस्था शुरु होने से अगले सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग की उम्मीद की जा सकती हैं।

**- अमित कुमार**, आयुक्त, नगर निगम

**लाख कोशिशों के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं**

# पुराने बस स्टैंड में 6 सड़कों के लिए 4 सिग्नल बने सिरदर्द, सुबह से शाम तक वाहनों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुराने बस स्टैंड पर 6 सड़कों के लिए लगाया गया 4 सिग्नल लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। चौराहे पर रोज जाम की स्थिति बन रही है। खासकर तेलीपारा, इमलीपारा और करबला की तरफ से आने वाले वाहन सवारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेलीपारा और इमलीपारा की तरफ से आने वाले लोग सिग्नल रेड होने पर रुकते हैं। सिग्नल ग्रीन होने पर सभी वाहन एक साथ आगे बढ़ते हैं, ऐसे में करबला और शिव टॉकीज की तरफ जाने वालों को इस दौरान जाम में फंसना पड़ता है। कई बार तो वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। हाल यह है कि जिला प्रशासन से लेकर नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के आला अधिकारी सारी कवायद कर चुकें हैं लेकिन परेशानियां खत्म नहीं हो रही है। व्यवस्था सुधर नहीं रही और आम लोगों के साथ ही क्षेत्र के दुकानदार भी लंबे समय से परेशाना है।

- तेलीपारा, इमलीपारा और करबला की तरफ से आने वाले लोग अधिक परेशान हो रहे

पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में भी ही शायद जाम लगा हो। बिजनेस क्षेत्र होने के बाद भी ट्रैफिक ठीक ही रहा है। अब लेकिन रोजाना सुबह से शाम तक यहां अव्यवस्था रहती है। यहां पर छह सड़कों के लिए चार सिग्नल लगे हैं, लेकिन यह व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। तेलीपारा, इमलीपारा और करबला से आने वाले वाहन पूरे चौराहे को घेर लेते हैं। पुलिस की तैनाती भी यहां नहीं रहती, जिससे यहां हमेशा जाम लगता है।



पुराना बस स्टैण्ड में चारों तरफ से आते जाते वाहन।

### पहले सुविधा फिर चालू करें सिग्नल

बस स्टैंड के एक दुकानदार का कहना है कि पहले चौक में ट्रैफिक सिग्नल संचालन के लिए हर प्रकार की सुविधा स्थापित की जाए। इसके बाद इनका संचालन किया जाना चाहिए। हर चौक में लेफ्ट साइड फ्री, जेब्रा क्रासिंग, सही टाइमिंग होनी चाहिए। इसके साथ ही चौक से बेजा कब्जा हटाना चाहिए साथ ही अन्य जरूरी खामियां भी दूर करना चाहिए। इसके बाद ही सिग्नल का संचालन सही होगा। आधी-अधूरी सुविधाओं के बीच इसका संचालन सिरदर्द साबित हो रहा है। लोगों का कहना है कि सिग्नल सिर्फ आनलाइन चालान बढ़ाने की कवायद लग रही है। इसी वजह से आधे-अधूरे सिस्टम के बीच ही ट्रैफिक सिग्नल चालू कर दिया गया है। सुविधा जरा भी नहीं दी गई है और आनलाइन चालान काटने में कमांड सिस्टम वाले आगे हो गए हैं। पहले सुविधा दे, यातायात को सुगम करें। इसके बाद ही इन्हें चालू करना सही होगा।

### व्यापार विहार चौक पर परेशानी

व्यापार विहार चौक का सिग्नल में सिरदर्द बन गया है। दिन में यह चालू रहता है तो शाम 6 बजे के बाद इसे बंद कर दिया जाता है। जबकि इसी समय यहां अधिक जरूरत होती है। इस क्षेत्र में कई बड़े बैंक और संभाग का सबसे बड़ा व्यापारिक केन्द्र भी है। लोगों के मुताबिक व्यापार विहार चौक में पहले यहां बिना ट्रैफिक सिग्नल के ही सामान्य तरीके से यातायात हुआ करता था, लेकिन यातायात को व्यवस्थित करने के नाम पर सिग्नल लगा दिया गया है, जो आफत साबित हुआ है। यहां अव्यावहारिक फैसले और दूरदर्शिता की कमी के चलते राहगीर रोज परेशान हो रहे हैं। असल में इस चौराहे पर एक तरफ व्यापार विहार की ओर से बड़ी संख्या में वाहन आते हैं तो दूसरी ओर महाराणा प्रताप चौक से व्यापार विहार आने वाले वाहनों की भी संख्या बहुत अधिक होती है। उसके अनुपात में भारतीय नगर और तालापारा से आने वाले वाहनों की संख्या बेहद कम रहती है।

### क्लीयरेंस टाइम कम

यहां सिग्नल पर 15 सेकंड का क्लीयरेंस टाइम तय किया गया है। मुश्किल यह है कि 15 सेकंड में तालापारा और भारतीय नगर से की ओर से आने वाले वाहन आसानी से निकल जाते हैं, लेकिन वाहनों की संख्या काफी अधिक होने से व्यापार विहार और महाराणा प्रताप चौक की ओर से आने वाले वाहन 15 सेकंड में रेड सिगनल पार नहीं कर पाते, जिस वजह से यहां वाहनों की लंबी कतार लग रही है। सड़क के एक ओर वाहनों की लंबी कतार लगने से जहां लोगों को बेवजह ट्रैफिक सिग्नल में फसना पड़ रहा है तो वहीं से यहां का कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

**आबकारी विभाग की कार्रवाई**

# छत की टंकी में रखी थी शराब, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर और कोटा ब्लॉक में लंबे समय से चल रहे अवैध शराब पर आबकारी की टीम ने धावा बोला है, जहां से टीम को भारी मात्रा में कच्ची शराब मिली है, इसके साथ ही 7 हजार किलो महुआ लहान जब्त किया गया है।

- 131 लीटर महुआ शराब की गई बरामद
- 7 हजार किलो लहान भी जब्त

जिले में अवैध शराब पर कार्रवाई की गई। तखतपुर एवं कोटा में रविवार को आबकारी की टीम ने छापा मारा और गांव धूमा चौकी जुनापारा में बाथरूम की छत पर बने टंकी में 9 ड्रम एवं महुआ लहान कच्ची शराब बरामद की गई। विभाग की टीम ने 6 छापे जगहों पर छापे मारे और 131 लीटर महुआ शराब और 6960 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है।

इस दौरान 4 आरोपियों को पकड़ने में भी आबकारी को सफलता मिली है। पकड़े गए आरोपी में धूमा निवासी रामचंद्र पिता शिवचरण ध्रुव, आजू राम टेकाम, अजय पिता राम कैलिस भारद्वाज, अमने थाना कोटा निवासी प्रेमदास पिता मेलाराम को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही विभाग ने गांव से लगे जंगल में भी तलाशी ली है। जहां अमने गांव में 50 लीटर महुआ शराब व 960 किलोग्राम महुआ लहान पाया गया और धूमा में 70 लीटर महुआ मिल चुका है। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। आरोपियों पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2)(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया। कार्रवाई में जिला सहायक आबकारी अधिकारी कल्पना राठौर, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र शुक्ला, नेतराम बंजारे, वेदप्रकाश नेताम, आरक्षक सुभाष तिवारी, जगत, जयशंकर कमलेश ड्राइवर संदीप खलखो का योगदान रहा।

### दो दिन पहले आयुक्त ने ली थी बैठक

सचिव व आबकारी आयुक्त आर संगीता द्वारा कलेक्टर सहित आबकारी अधिकारियों की बैठक ली गई थी। उन्होंने अवैध शराब पर नियंत्रण के निर्देश के आदेश दिए थे। जिसके बाद सहायक आयुक्त नवनीत तिवारी के मार्गदर्शन में टीम कार्रवाई कर रही है। इस दौरान नए शराब दुकानों के लाइसेंस और मौजूदा दुकानों के रखरखाव के संबंध में चर्चा की गई। इस बैठक में 8 जिले के आबकारी अधिकारी ने हिस्सा लिया था।

## महुआ शराब बेचते महिला गिरफ्तार 50 किलो लहान किया नष्ट



**बिलासपुर।** अवैध शराब के गढ़ घुटकू में पुलिस ने दबिश देकर महुआ शराब बेचते महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके घर से 50 किलो लहान बरामद कर नष्ट कर दिया।
मुखबिर की सूचना पर कोनी टीआई किशोर केंवट ने ग्राम घुटकू खोलीपारा में दबिश दी। जहां रोहणी बाई लोनिया पति स्व. बालक राम लोनिया 56 के घर से अवैध रूप से बनाकर रखे 20 लीटर महुआ शराब व 50 किलो लहान बरामद किया। पुलिस ने शराब जब्त कर लहान को गांव में नष्ट कर दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को 34, 2 आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि ग्राम लोफन्दी में पूर्व में 9 लोगों की मौत हुई थी। जिस पर परिजन और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाते हुए महुआ शराब पीने से मौत होने का आरोप लगाया था और यह भी कहा था कि ग्राम घुटकू में बड़ी संख्या में ग्रामीण अवैध महुआ शराब बनाकर बिक्री करते हैं, पुलिस उन पर कार्रवाई नहीं करती। इससे पूरे प्रदेश में हलचल मच गया था। उसके बाद से पुलिस ग्राम घुटकू में अवैध शराब बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने में लगी हुई है।

# दो गुटों के बीच मारपीट, गोली मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज**

चुनावी रंजिश को लेकर पहले चौक पर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। उसके बाद रिपोर्ट लिखाने के दौरान दोनों पक्ष थाना परिसर में भिड़ गए और एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। दोनो पक्षों ने एक दूसरे को गोली मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

मस्तूरी पुलिस के अनुसार, वार्ड क्रमांक 5 निवासी अंकित मिश्रा पिता संतोष मिश्रा वार्ड क्रमांक 4 के पंच हैं। 21 मार्च को वे बिलासपुर से वापस आकर जोंधरा चौक में पान ठेले के पास खड़े थे। रात्रि 10.45 बजे मस्तूरी निवासी अमित तिवारी, विवेकशंकर पाण्डेय, आशीष अवस्थी, उमेश सिंह, साहिल सिंह और सभी एक राय होकर पंचायत चुनाव में हार जीत को लेकर गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर कपड़ा फाड़ दिया। उसके बाद युवकों के द्वारा उन्हें उसका घर जला देने व कहीं भी देखने पर गोली मार देने की धमकी दी गई। पुलिस ने अंकित मिश्रा की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दूसरे पक्ष से वार्ड क्रमांक 19 निवासी अमित तिवारी उर्फ आदित्य ने आरोप लगाया है 21 मार्च की रात 10.30 बजे जोंधरा चौक पान ठेला में अपने दोस्त शशांक मिश्रा, राकेश यादव, नरेन्द्र सिंह ठाकुर के साथ पान खाने गए थे। अंकित मिश्रा अपने अन्य दो तीन साथियों के साथ पहले से खड़ा था। उसने चुनावी रंजिश को लेकर यहां कैस आ गया मेरे एरिया कहते गाली गलौज कर मारपीट की, पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर अंकिम मिश्रा, संतोष मिश्रा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



- पंचायत चुनाव में हार-जीत को लेकर हुई थी झड़प

### थाना परिसर में भिड़े दोनों गुट

पंच अंकित मिश्रा का आरोप है कि युवकों के द्वारा मारपीट करने से वह किसी तरह उनके चंगुल से बचकर भागते हुए मस्तूरी थाना जाकर जान बचाई है। दूसरे पक्ष से अमित तिवारी ने आरोप लगाया है कि मारपीट के बाद वह रिपोर्ट लिखाने थाने गया तो वहां अंकित व उसके पिता संतोष के द्वारा मारपीट कर गोली मारने की धमकी दी गई है।

### लाठी मारकर मोबाइल लूटने वाले तीन युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** लाठी मारकर युवक से मोबाइल लुटने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 19 मार्च की रात 2.30 बजे जांजगीर नैला निवासी विरेन्द्र कश्यप पैदल रेलवे स्टेशन जा रहे थे। गणेशनगर चुचुहियापारा शारदा मंदिर के पास सड़क किनारे तीन युवकों ने लाठी से हमलाकर मोबाइल लूटकर भाग गए थे। टीआई रजनीश सिंह, केशव मार्को, रवि सिंह व अन्य ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चुचुहियापारा निवासी युनूस अली उर्फ छोटू पिता युसुफ अली 32 साल, निसार अली पिता स्व. युसूफ अली 28 साल, राजकुमार धृतलहरे उर्फ करिया पिता लतेलराम 36 साल को पकड़कर लूट की मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 309, 4 के तहत तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# शराबियों ने रेल लाइन पर रख दिया गर्डर, 8 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** शराबियों ने प्राइवेट रेल लाइन पर लोहे का गर्डर रख दिया, इसकी सूचना पर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार देर रात 1 बजकर 40 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम अर्जुनी रेल क्रासिंग के पास एमआर एलबी प्रायवेट साइडिंग पर असामाजिक तत्वों ने रेल लाइन के किनारे पड़े दो लोहे के गर्डर लंबाई 5 मीटर एवं तीन मीटर को उठाकर रेलवे ट्रैक पर डाल दिया है, जिससे ट्रेन के दुर्घटना होने की आशंका है। इस दौरान भाटापारा की ओर से आ रही नंबर बीपीएल एमपी मालगाड़ी रेलवे ट्रैक पर रखे गर्डर से टकरा गई। इसकी वजह से मालगाड़ी के इंजन के कैटल गार्ड क्षतिग्रत हो गए। वहीं मालगाड़ी के चालक की सतर्कता के कारण किसी तरह की कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हो पाई। इसपर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 162 (2), 324(4) बीएनएस एवं 150 रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में खोजबीन करने के बाद मुखबिर की सूचना पर आठ आरोपियों को हिरासत में ले लिया, जिसमें पांच अपचारी बालक भी शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने शराब के नशे में होलिका दहन की रात रेल लाइन पर गर्डर रखकर बाधा उत्पन्न करने की बात स्वीकार की। मामले में पुलिस ने चार आरोपी भाटापारा ग्रामीण ग्राम अर्जुनी निवासी ईश्वर चक्रधरी 21 साल, लालू यादव 19 साल, सुरेन्द्र यादव 18 साल और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025,
25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411